हिन्दी दैनिक

# तीसरा विकल्प न्यूज़

(लखनऊ से प्रकाशित)



वर्षः- 02, अंकः-08, पृष्ठः-08, मूल्यः- 2 रु.

लखनऊ, सोमवार 17 जून 2024

गंगा दशहरा के पर्व पर करौली शंकर महादेव जी के द्वारा मां...02

माता-पिता, आध्यात्मिक गुरु व सच्चे शिक्षकों का उद्देश्य हमें...06

मुख्यमंत्री योगी ने कहा,

## आम आदमी का विश्वास जीतें, एमपी-एमएलए के लिए ये जरूरी, विकास कार्यों की खुद करें निगरानी



**गोरखपुर, संवाददाता।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सांसद, विधायक समेत सभी जनप्रतिनिधियों का आह्वान किया है कि वे विकास और जन कल्याण के कार्यों की सतत निगरानी करें। सभी जनप्रतिनिधि अपने अपने क्षेत्र में पात्रों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने को तत्पर रहें, विकास कार्यों के नए प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराएं। सुरक्षित माहौल में विकास और जनकल्याण सरकार की प्रतिबद्धता है। सीएम योगी रविवार को एनेक्सी भवन में गोरखपुर मंडल के जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद कर रहे थे। अनौपचारिक अंदाज में हुए इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने नवनिर्वाचित सांसदों को बधाई दी और लोकसभा चुनाव में पूरे मनोयोग से परिश्रम करने वाले विधायकगण को साधुवाद दिया। उन्होंने संवाद के लिए आहुत इस बैठक में उपस्थित सभी विधायकों से उनके क्षेत्र में जारी विकास कार्यों, जनकल्याण के कार्यक्रमों की उपलब्धियों की जानकारी ली। कहा कि विकास सतत चलने वाली प्रक्रिया है। क्षेत्र में विकास की जितनी भी गुंजाइश है, सभी जनप्रतिनिधि उस पर प्रस्ताव तैयार कराएं। साथ ही ऐसे पात्र लोगों को केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं से जोड़ें जिन्हें किन्हीं कारणवश किसी योजना का लाभ न मिल पाया हो। सीएम योगी ने कहा कि लोकतंत्र में जनता ही जनार्दन होती है। हर जनप्रतिनिधि की जिम्मेदारी है कि वह जनता की समस्याएं और उनकी अपेक्षाएं सुनें तथा उसके अनुरूप विकास और जनकल्याण के कार्यों को आगे बढ़ाए। आमजन की संतुष्टि ही किसी जनप्रतिनिधि के काम का मानक है, इसलिए आम आदमी का विश्वास जीतें और इस विश्वास की डोर को और मजबूत करते रहें। संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने हालिया संपन्न लोकसभा चुनाव में पार्टी के विधानसभावार प्रदर्शन पर भी चर्चा की और सभी जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे अभी से आगामी लक्ष्य के संधान में जुट जाएं। इस अवसर पर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही, राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम, सांसद रविकिशन, विजय दूबे, शशांक मणि, महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव, विधायकगण फतेह बहादुर सिंह, राजेश त्रिपाठी, महेन्द्रपाल सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, जयप्रकाश निषाद, शलभ मणि त्रिपाठी, विपिन सिंह, प्रदीप शुक्ल, सरवन निषाद, प्रेम सागर पटेल, ऋषि त्रिपाठी समेत कई विधायक, एमएलसी डॉ धर्मेंद्र सिंह, रतनपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

### आतंकी हमले में घायलों, कुवैत में जान गंवाने वालों की योगी ने की आर्थिक मदद, लगाया संवेदना का मरहम



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - ब्यूरो लखनऊ**

**गोरखपुर।** बीते दिनों कुवैत में हुए एक अग्नि हादसे में जान गवाने वाले गोरखपुर के दो कामगारों के परिजनों और जम्मू के शिवखोड़ी में आतंकी हमले में घायल श्रद्धालुओं से मिलकर सीएम योगी ने न केवल उनकी पीड़ा पर संवेदना का मरहम लगाया बल्कि आर्थिक सहायता देकर उन्हें आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी को चिंता करने की जरूरत नहीं है। गत दिनों कुवैत में एक बहुमंजिला भवन में आग लगने से करीब चार दर्जन लोगों की मौत हो गई थी। इनमें गोरखपुर के सदर तहसील क्षेत्र के जटेपुर उत्तरी निवासी अंगद गुप्ता और कैम्पियरगंज तहसील क्षेत्र के भम्मौर निवासी जयराम गुप्ता भी शामिल थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विदेश मंत्रालय और कुवैत में भारतीय दूतावास से संपर्क कर उनके शव को सम्मानपूर्वक उनके घर तक पहुंचाने की व्यवस्था कराई। शनिवार को दोनों मृतकों के शव घर आए और ससम्मान अंतिम संस्कार किया गया। रविवार सुबह मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर में दोनों मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदना प्रकट की और ढांढस बंधाते हुए उन्हें आत्मीय संबल प्रदान किया।

### योगी ने कहा, हर जरूरतमंद को इलाज के लिए मिलेगी भरपूर आर्थिक मदद, गोरखनाथ मंदिर में लगा जनता दर्शन



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - ब्यूरो लखनऊ**

**गोरखपुर।** लोकसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता प्रभावी रहने के चलते मार्च माह से स्थगित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जनता दर्शन कार्यक्रम एक बार फिर रविवार से शुरू हो गया। हालांकि, लखनऊ सीएम के सरकारी आवास पर पहले ही इसकी शुरुआत हो गई थी। अब, गोरखनाथ मंदिर में भी शुरू हो गया। शनिवार को गोरखपुर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में रात्रि प्रवास के बाद रविवार सुबह जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। गोरखपुर में पिछला जनता दर्शन लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पूर्व 9 मार्च को हुआ था। रविवार सुबह जनता दर्शन में काफी संख्या ऐसे लोगों को थी जो गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए थे। मुख्यमंत्री ने सभी को आश्वस्त किया कि सरकार इलाज में भरपूर मदद करने के लिए तत्पर है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों के मेडिकल इस्टीमेट की प्रक्रिया पूर्ण कर शासन को जल्द से जल्द उपलब्ध कराई जाए। साथ ही जिन पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड नहीं बने हैं, उनके आयुष्मान कार्ड बनवाए जाएं गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में सीएम योगी ने करीब 350 लोगों की समस्याएं सुनीं और समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक समाधान के निर्देश अधिकारियों को दिए। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और बड़े इत्मीनान से उनकी बात सुनने के बाद उनके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को देते हुए समाधान के लिए निर्देशित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### गंगा दशहरा स्नान पर्व में लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**हरिद्वार, एजेंसी।** उत्तराखंड के धर्मनगरी हरिद्वार में गंगा दशहरा स्नान पर्व के मौके पर रविवार को लाखों की संख्या में श्रद्धालु देश के कोने-कोने से आकर गंगा स्नान करने हर की पौड़ी सहित गंगा घाटों पर पहुँचे तथा डुबकियां लगायीं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार आज ही के दिन मां गंगा स्वर्ग लोक से भगवान शिव की जटा से होते हुए पृथ्वी लोक पर अवतरित हुई थी। इन मान्यताओं कों लेकर आज ज्येष्ठ माह की शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को गंगा दशहरे के नाम से जाना जाता है। आज के दिन पवित्र गंगा नदी में स्नान करने से श्रद्धालुओं की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। धर्मनगरी हरिद्वार में श्रद्धालुओं की भारी संख्या को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने पूरे मेला क्षेत्र को तीन सुपर जॉन नौ जोन और 21 सेक्टरों में बाटा गया है जिसमें पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है।


### सऊदी अरब में हज के दौरान जॉर्डन के 14 हजयात्रियों की मौत

**अम्मान, एजेंसी।** जॉर्डन ने रविवार को पुष्टि की कि सऊदी अरब में हज की रस्म अदा करते समय उसके 14 नागरिकों की मौत हो गई, जबकि 17 अन्य लापता हो गए। जॉर्डन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता सुफियान कुदाह ने एक बयान में कहा कि जॉर्डन पक्ष अपने परिवारों के अनुरोध पर मृतकों को दफनाने या घर लौटने पर संबंधित सऊदी अधिकारियों के साथ संपर्क कर रहा है। बयान के अनुसार सऊदी अधिकारी 17 लापता तीर्थयात्रियों की तलाश भी जारी रख रहे हैं, हालांकि, उन्होंने त्रासदी के कारण का खुलासा नहीं किया है। जॉर्डन के विदेश मंत्रालय ने एक दिन पहले बताया था कि हज यात्रा के दौरान छह जॉर्डन वासियों की लू लगने से मौत हो गई थी।

### साय, शर्मा ने नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में शहीद जवान को किया नमन

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा रविवार सुबह माना पहुंचकर नारायणपुर नक्सली मुठभेड़ में शहीद हुए जवान नितेश एक्का को श्रद्धांजलि अर्पित की। सर्वश्री साय और शर्मा ने शहीद जवान के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री साय ने नक्सलवाद में हो रही कार्रवाई को लेकर कहा,जब से सरकार में आए हैं तब से लड़ाई लड़ रहे हैं। अब तक 137 नक्सली मारे गए हैं, सैकड़ों की संख्या में नक्सलियों ने आत्मसमर्पण भी किया है और कई नक्सलियों की गिरफ्तारी भी की गई है।

### वर्तमान-भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायी होगा संसद भवन का प्रेरणा स्थल: ओम बिरला



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** सत्रहवीं लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि मौजूदा समय में संसद भवन के सौंदर्यीकरण का काम चल रहा है और इसी के तहत परिसर में अलग-अलग जगहों पर लगी हुईं महापुरुषों की प्रतिमाओं को एक स्थान पर लाकर प्रेरणा स्थल (बीजी-7, संविधान सदन के सामने) बनाया गया है, जो वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायी होगा। श्री बिरला ने रविवार को यहां बताया कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और इसके संसद का आने वाले समय में विश्व का सबसे अच्छा संसद भवन परिसर होगा। इसको लेकर कई बदलाव किये जा रहे हैं। इसी बदलाव के तहत संसद भवन में अलग-अलग स्थानों में लगी महापुरुषों की प्रतिमाओं को एक स्थान पर लाया गया है और उस स्थल का नाम प्रेरणा स्थल रखा गया है, जो वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायी होगा। उन्होंने बताया कि प्रेरणा स्थल संसद भवन को देखने आने वाले लोगों को रोमांचित करेगा क्योंकि अब उन्हें यहां प्रत्येक महापुरुषों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी भी मिलेगी। उन्होंने बताया कि प्रेरणा स्थल पर लगी हरेक महापुरुष की प्रतिमा के साथ उनके बारे जानकारी उपलब्ध करायी गयी है। इस दौरान उन्होंने संसद भवन लगीं महापुरुषों की प्रतिमाओं को हटाने के विपक्षी दलों के आरोपों का जवाब देते हुए कहा, संसद भवन में लगी किसी भी महापुरुष की प्रतिमा को हटाया नहीं गया है।

## मेहनत और अनुशासन ही सफलता की कुंजी है: माननीय सुरेश कुमार खन्ना

वीआईपी ग्रुप के मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह में बोले वित्तमंत्री- जिले भर के पांच सौ से अधिक मेधावियों का किया सम्मान



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - ब्यूरो लखनऊ**

शाहजहांपुर - वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि मेहनत और अनुशासन ही सफलता की कुंजी है। बच्चों को अपनी मंजिल हासिल करने के लिए इन दो बातों को जीवन में उतारना ज़रूरी है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत देश मेधा की खान है तथा हमारा देश महान, विश्व का एक अद्वितीय , गर्व का स्रोत और सबके लिए समर्पित है। उन्होंने पूरब पश्चिम फ़िल्म का गाना भी अपने मोबाइल से बजाया। श्री अटलबिहारी वाजपेयी सभागार में वीआईपी वाट्सएप्प ग्रुप की ओर से आयोजित मेधावियों बच्चों के सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि सुरेश कुमार खन्ना ने सभी बच्चों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि विपरीत हालात में भी बच्चों को अपना आपा नहीं खोना चाहिए। हालात को अनुकूल बनाने के लिए और अधिक मेहनत करनी चाहिए। सपने उन्हीं के पूरे होते हैं जो जागृत रहते हैं। वित्तमंत्री ने ग्रुप के सामाजिक कार्यों की सराहना की। वित्तमंत्री ने जिले भर से विभिन्न स्कूल-कॉलेज से आए हाईस्कूल इंटर के 462 तथा पीएचडी, आईआईटी, मेडिकल व अन्य प्रतियोगी 50 टापर्स छात्र-छात्राओं को मेडल, सर्टिफिकेट व स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया। फ्यूचर ग्रुप के सहयोग से आयोजित समारोह का संचालन डॉ. सुरेश मिश्रा ने किया।

आयोजकों ने वित्तमंत्री का स्वागत किया। ग्रुप की अध्यक्ष नीतू गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रभारी अनुजदेव गुप्ता व डॉ. दीपा दीक्षित , अभिनय गुप्ता, सचिन बॉथम , महासचिव शाहनवाज खां , संरक्षक डॉ. दीपा सक्सेना , ज्योति गुप्ता ,रिधि बहल ,नुज़हत अंजुम, तराना जमाल , अल्पना श्रीवास्तव ,डॉ हेमेन्द 'बर्मा,चन्द्रमनि गुप्ता, विजय मिश्रा चुकन्नी , हेमा अग्रवाल, निधि बहल, संजय अग्रवाल,रजनी गुप्ता, कुलदीप गुप्ता , हर्ष राज सिंह कुश्वाहा , मुकेश गुप्ता आदि का सहयोग रहा तथा कार्यक्रम में आरती ,टीना अग्रवाल, डॉ गौरव कौशल,हरिशरण बाजपेयी , धर्मेंद्र प्रताप सिंह राठौर , दीपमाला रस्तोगी,वर्षा अग्रवाल ,दीपक शर्मा , जसवीर सिंह, सुरेंद्रसिंह अमित शर्मा , दिव्यांग सिंघल आदि उपस्थित रहे7

**वित्तमंत्री ने पत्रकारों का किया सम्मान**

शाहजहांपुर। समारोह में वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने प्रिंट, सोशल मीडिया से जुड़े पत्रकारों का अभिनन्दन पत्र देकर सम्मान किया। इनमें श्याम मिश्रा ब्यूरो चीफ अमृत विचार, कँवरदीप सिंह ब्यूरो चीफ टाइम्स ऑफ इंडिया, अजय यादव दैनिक जागरण, प्रभाकर मिश्रा हिंदुस्तान, अमर उजाला, स्वदेश शुक्ला स्वतंत्र भारत, शान मोहम्मद सी न्यूज़,तबस्सुम हुसैन युवा हस्ताक्षर, अंकित गुप्ता शेखर टाइम्स शामिल रहे।

**दिवंगत पत्रकार के परिवार की मदद**

शाहजहांपुर उप्र श्रमजीवी पत्रकार यूनियन(पंजीकृत) की ओर से वित्तमंत्री को एक ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में दिवंगत मान्यता प्राप्त पत्रकार शैलेंद्र वाजपेयी के परिवार को मुख्यमंत्री राहत कोष से मदद दिलाने की मांग की गई। इसके साथ मौके पर ही वीआईपी ग्रुप की ओर से 11 हज़ार की धनराशि धनराशि मंत्री के हाथों स्व.शैलेन्द्र वाजपेयी के परिजनों को भेंट कराए। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष अभिनय गुप्ता , प्रदेश महामंत्री रमेश शंकर पाण्डेय, स्वदेश शुक्ला, शान मोहम्मद आदि पत्रकार शामिल रहे।

**दादा ने किया पोते का सम्मान**

प्रतिभा सम्मान समारोह में माहौल उस समय हर्ष का हो गया जब माननीय मंत्री के द्वारा अपने पौत्र मेधावी ओम शेखर खन्ना पुत्र चन्द्र शेखर खन्ना धीरु भैया को जे ई मेंस एडवांस को क्लीफाई करने पर उनके हाथों सम्मानित किया गया।

## इलॉन मस्क बोले, ईवीएम हैक हो सकती है

पूर्व मंत्री का जवाब- यह भारत में संभव नहीं, राहुल बोले- ये ब्लैक बॉक्स है



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर फिर बहस छिड़ गई है। दुनिया के सबसे अमीर बिजनेसमैन इलॉन मस्क ने 15 जून को लिखा- ईवीएम को खत्म कर देना चाहिए। इसे इंसानों या एआई द्वारा हैक किए जाने का खतरा है। हालांकि ये खतरा कम है, फिर भी बहुत ज्यादा है। अमेरिका में इससे वोटिंग नहीं करवानी चाहिए। इस पर भाजपा नेता और पूर्व आईटी मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा- मस्क के मुताबिक, कोई भी सुरक्षित डिजिटल हार्डवेयर नहीं बना सकता, ये गलत है। उनका बयान अमेरिका और अन्य स्थानों पर लागू हो सकता है - जहां वे इंटरनेट से जुड़ी वोटिंग मशीन बनाने के लिए नियमित कंप्यूट प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हैं। भारतीय ईवीएम सुरक्षित हैं और किसी भी नेटवर्क या मीडिया से अलग हैं। कोई कनेक्टिविटी नहीं, कोई ब्लूटूथ, वाईफाई, इंटरनेट नहीं। यानी कोई रास्ता नहीं है। फैक्ट्री प्रोग्राम्ड कंट्रोलर जिन्हें दोबारा प्रोग्राम नहीं किया जा सकता। ईवीएम को ठीक उसी तरह डिजाइन किया जा सकता है, जैसा कि भारत ने किया है। भारत में इसे हैक करना संभव नहीं है। इलॉन, हमें ट्यूटोरियल (सिखाने वाला संस्थान) चलाकर खुशी होगी। वहीं, राहुल गांधी ने मस्क की पोस्ट को रीपोस्ट करते हुए कहा- भारत में ईवीएम ब्लैक बॉक्स की तरह है। किसी को भी इसकी जांच की अनुमति नहीं है। हमारी चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर गंभीर चिंताएं जताई जा रही हैं। जब संस्थाओं में जवाबदेही की कमी होती है, तो लोकतंत्र एक दिखावा बन जाता है और धोखाधड़ी की संभावना बढ़ जाती है। राहुल गांधी ने मस्क की पोस्ट को मिड डे अखबार में छपी खबर के साथ रीपोस्ट किया। इसमें मुंबई की घटना का जिक्र है। दरअसल, मुंबई उत्तर-पश्चिम लोकसभा सीट से एनडीए और शिवसेना (शिंदे) प्रत्याशी रविंद्र वायकर के साले मंगेश पंडिलकर 4 जून को पाबंदी के बावजूद एक चुनाव अधिकारी का मोबाइल लेकर गोरेगांव के काउंटिंग सेंटर के अंदर गए थे।

## आजमगढ़ में फॉरेंसिक लैब व हाथरस में नए जिला कारागार के निर्माण कार्यों में तेजी लाएगी योगी सरकार



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - ब्यूरो लखनऊ**

लखनऊ - उत्तर प्रदेश की उन्नति का मार्ग प्रशस्त कर उसे उत्तम प्रदेश बनाने के सपने को हकीकत की शक्ल दे रही योगी सरकार प्रदेश के समेकित विकास के लिए लगातार कार्यरत है। एक ओर, प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने के लिए महत्वकांक्षी लक्ष्य की ओर उत्तर प्रदेश ने सीएम योगी के मार्गदर्शन में कदम बढ़ा दिए हैं, वहीं प्रदेश में उत्तम नागरिक सुविधाएं व वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने की दिशा में भी विस्तृत कार्ययोजना के अंतर्गत कार्य हो रहा है। वहीं, प्रदेश को अपराध मुक्त बनाने की दिशा में प्रयासरत तथा प्रदेश में क्राइम कल्चर पर नकेल कसने में कामयाब हुई योगी सरकार ने अब आजमगढ़ में फॉरेंसिक लैब तथा हाथरस में नए जिला कारागार के निर्माण की प्रक्रिया में तेजी लाई है। योगी सरकार द्वारा योजना विभाग की टेक्निकल सेल को इस कार्य को पूरा कराने का जिम्मा सौंपा गया है। उल्लेखनीय है कि आजमगढ़ में 39 करोड़ रुपए से ज्यादा लागत से फॉरेंसिक लैब तथा हाथरस में 146 करोड़ रुपए से ज्यादा लागत से नए जिला कारागार का निर्माण होना है, ऐसे में इन सभी कार्यों को तय समयावधि में पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए इस पर योगी सरकार का विशेष फोकस है।

**योजना विभाग की टेक्निकल सेल को सौंपा गया है जिम्मा**

योजना विभाग की टेक्निकल सेल द्वारा इन कार्यों को पूरा करने के लिए प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कन्सलटेंट (पीएमसी) एजेंसी के निर्धारण के प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। परियोजना के अंतर्गत होने वाले सभी निर्माण कार्य इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट व कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) माध्यम से पूर्ण किए जा रहे हैं। ऐसे में, पीएमसी एजेंसी के निर्धारण के जरिए परियोजना के अंतर्गत होने वाले सभी निर्माण की गुणवत्ता व प्रगति को सुनिश्चित करने और निर्धारित समयावधि में पूरा करने में मदद मिलेगी। इस प्रक्रिया की पूर्ति के लिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरपीएफ) माध्यम के जरिए आवेदन मांगे गए हैं।

**18 महीने में निर्माण कार्यों को करना होगा पूर्ण**

दोनों ही परियोजनाओं की पूर्ति के लिए नियुक्त होने वाली पीएमसी एजेंसी को कई महत्वपूर्ण कार्यों को पूर्ण करना होगा। एक ओर, जहां आजमगढ़ में निर्माणाधीन फॉरेंसिक लैब के निर्माण संबंधी आर्किटेक्चरल डिजाइन को कार्यावंटन के उपरांत पीएमसी एजेंसी को 75 दिनों में पूरा करना होगा। आर्किटेक्चरल डिजाइन के पूरा हो जाने के बाद सभी निर्माण कार्यों को 18 महीने में पूरा कर लिया जाएगा। पूरी कार्यावधि के दौरान 36 महीने का डिफेक्ट लाइबेलिटी पीरियड निर्धारित किया गया। इसी प्रकार, हाथरस में निर्माणाधीन नवीन जिला कारागार के लिए कार्यावंटन प्राप्त करने वाली पीएमसी एजेंसी को ये सुनिश्चित करना होगा कि 18 महीनों में सभी निर्माण कार्यों को पूरी गुणवत्ता अनुरूप पूरा कर लिया जाए। इस दौरान पीएमसी एजेंसी को सुपरविजन एजेंसी के तौर पर कार्य करना होगा तथा परियोजना के अंतर्गत 36 महीने का डिफेक्ट लाइबिलिटी पीरियड निर्धारित किया गया है।

**कई प्रकार के निर्माण कार्यों को करना होगा पूर्ण**

पीएमसी एजेंसी को दोनों ही परियोजना के अंतर्गत होने वाले सभी निर्माण कार्यों की रिपोर्टिंग व मॉनिटरिंग प्रक्रिया को पूरा करना होगा। उसे ये सुनिश्चित करना होगा कि दोनों ही परियोजनाओं में इस दौरान रचनात्मक इनडोर स्पेसेस के निर्माण, उचित स्थान नियोजन के साथ ही यहां की जरूरतों के अनुसार विभिन्न कार्यात्मक आवश्यकताओं को पूर्ण किया जाए। कम रखरखाव के साथ ही उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए विद्युत, यांत्रिक और अन्य सेवाओं के एकीकृत डिजाइन पर काम करना होगा। पर्यावरण के मानकों के पालन के साथ ही हरित भवन, उत्तम वेंटिलेशन, जलवायु अनुकूल वास्तुकला, अपशिष्ट जल पुनर्चक्रण, जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन के साथ जल और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन जैसी तमाम प्रक्रियाओं को भी एजेंसी की देखरेख में पूर्ण किया जाएगा।

### एक जुलाई से लागू होंगे तीन नए आपराधिक कानून दिया जा रहा प्रशिक्षण: कानून मंत्री मेघवाल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने रविवार को कहा कि तीन नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता, भारत सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम एक जुलाई 2024 से लागू होंगे। ये कानून पिछले साल 25 दिसंबर को अधिसूचित किए गए थे। मेघवाल ने कहा, भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम (1872) बदल रहे हैं। उचित प्रक्रिया का पालन करते हुए और भारत के विधि आयोग की रिपोर्ट को ध्यान में रखते हुए तीनों को कानूनों को बदला गया है। उन्होंने कहा, एक जुलाई से भारतीय न्याय संहिता, भारतीय सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के नाम से तीन कानून लागू किए जाएंगे। इन तीन नए कानूनों के लिए सभी रायों में प्रशिक्षण सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो (बीपीआरडी) इसके लिए प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा, हमारी न्यायिक अकादमियां, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय भी इसके लिए प्रशिक्षण दे रहे हैं।

## गुजरात में मानसून रुका, एमपी में 3 दिन बाद पहुंचेगा, नॉर्थ-ईस्ट में बारिश का रेड अलर्ट

### वाराणसी में हीटवेव से विदेशी टूरिस्ट सहित 3 की मौत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मध्य प्रदेश, राजस्थान में प्री-मानसून एक्टिविटी जारी है। वहीं, गुजरात में चार दिन पहले एंट्री लेने के बाद मानसून रुक गया है। बीते दो दिनों में एमपी-राजस्थान के 10 जिलों में बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक, 10-14 जून के बाद से मानसून कमजोर हुआ है, जिसके चलते मध्यप्रदेश में मानसून आने में देरी हो रही है। एमपी और अन्य राज्यों में इसकी 18-19 जून तक एंट्री होने की संभावना है। पश्चिम बंगाल समेत नॉर्थ-ईस्ट के राज्यों (नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, असम, मेघालय, सिक्किम) में आज यानी 16 जून से 19 जून तक बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। इन राज्यों में 64 से 115 मिमी बारिश हो सकती है। साथ ही 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। गरज के साथ बिजली के चमकने का भी अनुमान है। उधर, बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब में हीटवेव का दौर जारी है। वाराणसी में गर्मी से महिला पर्यटक समेत 3 लोगों की मौत हो गई। पंजाब के अबोहर में शनिवार को पारा 47.1एष्ट और दिल्ली में पारा 46 डिग्री सेल्सियस रहा। आईएमडी के मुताबिक, इन राज्यों समेत बिहार और झारखंड में 18 जून तक सीवियर हीटवेव का असर बना रहेगा।

### गुजरात में पहले पहुंचा मानसून, अब आगे नहीं बढ़ा

अमूमन गुजरात में 15 से 20 जून के बीच मानसून दस्तक देता है, लेकिन इस बार 11 जून को ही गुजरात के नवसारी में मानसून वाली बारिश हुई। अहमदाबाद मौसम केंद्र के वैज्ञानिक रामाश्रय यादव ने कहा कि साउथ-वेस्ट डिस्टरबेंस के चलते मानसून आगे नहीं बढ़ पाया है। यह 20 जून तक अहमदाबाद और सौराष्ट्र के कुछ इलाकों सहित अन्य हिस्सों में आगे बढ़ता है। 25 जून तक सौराष्ट्र के अधिकांश हिस्सों को कवर करता है। 30 जून तक पूरे गुजरात को कवर करता है। आईडीएम के मुताबिक अगले 5 दिन में गुजरात के कई जिलों में आंधी चल सकती है। वलसाड, दमन, दादरा और नगर हवेली में 19 जून को भारी बारिश होने की संभावना है।

# महंगाई और बेरोजगारी को फोकस करें मोदी सरकार

मोदी सरकार का तीसरा कार्यकाल शुरू हो चुका है। पिछले दो कार्यकालों में मोदी सरकार द्वारा सबसे ज्यादा उपेक्षा महंगाई और बेरोजगारी की गई। जिसका परिणाम यह रहा कि भाजपा को पूर्ण बहुमत नही मिला। यह अलग बॉत है कि भाजपा इसके लिए हिन्दु समुदाय को कोस रही हो। लेकिन इसके ठीक इतर वह इस बॉत से अनजान नही है कि देश की आधी आबादी को वह स्वंय नि:शुल्क राशन उपलब्ध कराकर यह सिद्ध कर रही है कि देश की आधी आबादी दो जून की रोटी के लिए मोहताज है, ऐसा में उसका विश्व की बड़ी आर्थिक शक्ति, विकास के नए आयाम गढ़ने और तरह तरह के दावे नि:शुल्क अन्न वितरण के सामने बौने लगते है।

लगातार प्रतियोगी परीक्षाओं में होने वाली धांधली, पर्चा लीक होने तथा सरकारी सेवाओं में आउटसोर्सिंग के मायाजल ने युवा वर्ग को भाजपा से दूर करना शुरू कर दिया है। ठेका प्रणाली वाली नौकरियों से सरकारी संस्थानों की विश्वसनीयता कम हो रही है। भ्रष्टचार बढ़ रहा है। चोरी की घटनाओं में इजाफा हो रहा है। गैर जिम्मेदारी बढ़ रही है। सरकार अगर इससे अंजान बनी रहेगी तो इसके बहुत गम्भीर परिणाम सामने आएगें। महंगाई चरम सीमा पर है। खुदरा बाजार सरकारों के नियंत्रण से बाहर हो चुका है। ऐसे में अगर गठबंधन का नेतृत्व कर रही भाजपा ने महंगाई और बेरोजगारी को तीसरे कार्यकाल में फोकस नही किया तो अगले कुछ समय में होने वाले कई राज्यों के विधानसभा चुनावों में उसे इसका खमियाजा भुगतना पड़ सकता है। मतदाताओं ने आज फिर केंद्र में गठबंधन सरकार को चुना है। ऐसा लगता है कि मतदाताओं द्वारा मनमाने ढंग से सरकार चलाने से प्रभावित नहीं हुए। पार्टी के शीर्ष नेता लोगों की समस्याओं जैसे डेढ़ साल से अधिक समय तक चले किसान आंदोलनों महिला पहलवानों द्वारा महीनों तक विरोध प्रदर्शनों बेरोजगारी और महंगाई के प्रति पूरी तरह से असंवदेनशील रहे। पार्टी नेतृत्व का अहंकार सभी को दिखाई दे रहा हैं जिसमें उनके अपने कार्यकर्ता भी शामिल हैं। मौजूदा एनड़ीए सरकार के सामने कई चुनौतियां हैं। इसका मुख्य कारण यह है कि पार्टी का शीर्ष नेतृत्व गठबंधन की प्रथाओं का आदी नहीं है। वे हमेशा एकतरफा नेतृत्व में विश्वास करते रहे हैं। जिसमें सहमति और संवेदनशील राजनीति के लिए कोई जगह नहीं है। इसलिए सत्तारूढ़ दल के लिए सामूहिक नेतृत्व प्रदान करना बड़ी चुनौती होगी। जो गठबंधन सरकार के लिए एक शर्त है। यद्यपि गठबंधन सरकारें लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने में अधिक प्रभावी हो सकती हैं लेकिन चुनौतियों और कठिनाइयों को एक ऐसे नेता द्वारा दूर किया जा सकता है। गठबंधन का एक धर्म होता है। इस धर्म को जब तक निभाया जाता है तब तक तो गठबंधन की सरकार ठीक चलती रहती है। जैसे ही गठबंधन के दल इसका पालन करना बंद कर देते हैं समस्याएं पैदा होना शुरू हो जाती हैं। गठबंधन की सरकारों में बड़े दल को बड़े भाई जैसी भूमिका निभानी पड़ती है और हर पल छोटे दलों के सम्मान का ख्याल रखना पड़ता है। कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए की सरकार इसलिए जन कल्याण के बड़े फैसले ले सकी थी क्योंकि उसने हमेशा गठबंधन धर्म का पालन किया। पुराने उदाहरण हमारे सामने हैं जब-जब भी दलों ने गठबंधन सरकार को छोड़ा है या दलों ने समर्थन वापस लिया है। उन्होंने यही आरोप लगाया है या पीड़ा जाहिर की है कि गठबंधन धर्म नहीं निभाया गया। पार्टी के नेताओं और मंत्रियों की पिछले दो कार्यकालों में बेअंदाजी भी भाजपा को महंगी पड़ी है उस पर भी नेतृत्व को अंकुश लगाना होगा। इस बार गठबंधन सरकार बनने से राजनीति के जानकार यह भी कहने लगे हैं कि अब गठबंधन का दौर शुरू हो गया है और एक दल को बहुमत वाली सरकारों के दिन फिर से लद गए हैं। इस बार यह भी अच्छा रहा है कि एनडीए और इंड़िया दोनों गठबंधन के सांसदों की लोक सभा में संख्या अच्छी है।

पिछली दो सरकारों का अनुभव अच्छा नहीं रहा था। विपक्ष की संख्या कम होने की वजह से सरकार ने विपक्ष को कभी विश्वास में नहीं लिया। कृषि कानून जैसे कई विधेयक बिना चर्चा के पारित कराए गए। किसानों ने इसे अस्वीकार कर दिया और लगभग एक साल तक दिल्ली के बॉर्ड़र पर कृषि कानून के खिलाफआंदोलन किया। मजबूर होकर सरकार को इसे वापस लेना पड़ा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राजग सरकार का गठन होने के बाद यह आवश्यक है कि जिन कारणों से भाजपा को बहुमत से कम सीटें हासिल हुई, उन पर गंभीरता से विचार किया जाए और भविष्य की नीतियां तय की जाएं। प्रधानमंत्री मोदी अपने तीसरे कार्यकाल में तेलुगु देसम पार्टी और जनता दल-यू के सहयोग से गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं। फिलहाल सरकार के स्थायित्व को लेकर कोई खतरा नहीं है और आशा है कि यह सरकार पहले की तरह मजबूती के साथ काम करती रहेगी और सहयोगी दल दलगत हितों अथवा अपने-अपने राज्य के हितों के बजाय राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देंगे।दस साल पहले के मुकाबले आज देश विकास के कहीं ज्यादा ऊंचे मुकाम पर खड़ा है। 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से हम पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुके हैं। डीजीपी के आकार के हिसाब से हमने पिछले साल ब्रिटेन को पीछे छोड़ा और 2026 तक जापान तो 2027 तक जर्मनी को पीछे छोड़ने की उम्मीद कर रहे हैं। इन लक्ष्यों की ओर तेजी से कदम बढ़ाना नई सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इस राह पर दो बड़ी चुनौतियां में बेरोजगारी




और असमानता शामिल है। इंटरनैशनल लेबर ऑर्गनाइजेशन की इंडिया एम्प्लॉयमेंट रिपोर्ट के मुताबिक देश में 80 प्रतिशत बेरोजगार युवा हैं। जहां तक असमानता की बात है तो उसे अक्सर तेज विकास के आगे ज्यादा तवज्जो नहीं मिलती, लेकिन याद रखने की बात है कि तेज विकास को अगर टिकाऊ बनाना हो तो असमानता को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। मौजूदा जनादेश की सबसे उपयुक्त व्याख्या यही हो सकती है कि कथित तौर पर बांटने वाले राजनीतिक मुद्दों से दूरी बनाए रखते हुए सरकार विकास के अजेंडे पर पूरा ध्यान केंद्रित करे।देश के प्रधानमंत्री से यह अपेक्षा रहेगी कि वे देशविरोधी विमर्श को भी नष्ट करेंगे और देश तोड़ने वाली शक्तियों को उचित दंड देंगे। दंड विधान न होने से अराजकता का विस्तार होता है, जैसा हमने शाहीन बाग और किसान आंदोलन के दौरान देखा था। देश अब उन घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं चाहेगा। देशवासी यह चाहते हैं कि सरकार हर उस विमर्श का समूल नाश करे, जो लगातार देश को कमजोर कर रहा है. क्योंकि अराजकता से देश के आर्थिक विकास पर प्रभाव पड़ता है और इसके कारण करोड़ों लोग प्रभावित होते हैं।

## संपादकीय

### अरुंधति रॉय मोदी सरकार के दमन का शिकार

हाल में दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार ने प्रसिद्ध लेखिका एवं सामाजिक कार्यकर्ता अरुंधति रॉय और शेख शौकत हुसैन, (कश्मीर केंद्रीय विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय कानून के पूर्व प्रोफेसर) पर गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) की धारा 13 के तहत अपराधों के लिए 2010 के एक मामले में मुकदमा चलाने के लिए दिल्ली पुलिस को मंजूरी दी है। एलजी का यह फैसला रॉय और हुसैन पर भारतीय दंड संहिता की धारा 153ए, 153बी और 505 के तहत अपराध के लिए मुकदमा चलाने के लिए अक्टूबर 2023 में मंजूरी देने के पहले के फैसले के बाद आया है, जिनमें से सभी में अधिकतम 3 साल के कारावास की सजा है। यह भी उल्लेखनीय है कि उक्त मुकदमा पुलिस द्वारा नहीं बल्कि एक प्राइवेट व्यक्ति सुशील पंडित द्वारा धारा 156(3) के तहत अदालत के आदेश से कायम किया गया था। यह ध्यान देने योग्य है कि रॉय और हुसैन पर आईपीसी की धारा 153ए, 153बी और 505 के तहत अपराधों के लिए मुकदमा चलाने के लिए एलजी द्वारा दी गई स्वीकृति को धारा 468 सीआरपीसी न्यायालयों को 3 वर्ष की देरी के बाद मामलों का संज्ञान लेने से रोकता है, जब अपराध के लिए अधिकतम 3 वर्ष की सजा का प्रावधान है। इसलिए, यह संभव प्रतीत होता है कि चौदह वर्ष के अंतराल के बाद धारा 13 नच। (जिसमें 7 वर्ष की सजा का प्रावधान है) के तहत अपराधों के लिए मुकदमा चलाने की एलजी की मंजूरी इस कानूनी बाधा को दूर करने के लिए है। एलजी द्वारा यूएपीए का आह्वान राजनीति से प्रेरित, स्पष्ट रूप से अविवेकपूर्ण और प्रतिशोधी है। प्रथम दृष्टया, यह राष्ट्रीय सुरक्षा या राष्ट्रीय हित के लिए किसी चिंता से नहीं निकला है, बल्कि यूएपीए को अपने राजनीतिक आकाओं की सेवा के लिए एक उपकरण के रूप में इस्तेमाल करना चाहता है। यह इस तथ्य से स्पष्ट है कि यह एलजी के समय का मामला भी नहीं है कि अक्टूबर 2010 में नई दिल्ली में आयोजित कश्मीर पर एक सम्मेलन, श्आजादीरू एकमात्र रास्ताश् में अरुंधति रॉय और अन्य द्वारा दिए गए भाषणों ने 2024 में हिंसक अशांति को भड़काया है, जिससे यूएपीए के तहत तत्काल कानूनी कार्रवाई की आवश्यकता है! एक परिपक्व संवैधानिक लोकतंत्र को ऐसे भाषण पर मुकदमा नहीं चलाना चाहिए, जिसका हिंसा या अव्यवस्था से कोई सीधा संबंध न हो। यह शर्मनाक है कि एक भाषण के लिए भी एफआईआर दर्ज की गई, जो सभी खातों के अनुसार किसी भी तरह की हिंसा को भड़काने वाला नहीं था और इससे भी अधिक निंदनीय यह है कि एलजी ने मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है, वह भी 2024 में! लगभग चौदह साल पहले किए गए एक कथित अपराध पर मुकदमा चलाने की मंजूरी देने की यह घुटने टेकने वाली प्रतिक्रिया निंदनीय है, क्योंकि यह प्रशासन द्वारा सत्ता के सामने सच बोलने की हिम्मत रखने वाले साहसी लेखकों और विचारकों को डराने और धमकाने का प्रयास है। इन लेखकों और विचारकों पर इस पुरानी एफआईआर के तहत मुकदमा चलाने से दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में भारत पर एक लंबी छाया पड़ती है। एक ऐसा देश जो अपने लेखकों और सच बोलने वालों को उन शब्दों के लिए सताता है, जिन्हें वह अरुचिकर मानता है, वह श्लोकतंत्र की जननीश् होने का दावा खो देता है।

### फिर उपचुनाव की गंगा

रिकार्ड और रिपोर्ट में फर्क होता है। पिछले उपचुनावों का रिपोर्ट कार्ड अपने रिकार्ड से भिन्न होने के कारण लोकसभा से भिड़ गया, इसलिए इस बार तीन निर्दलीयों के लिए मशक्कत बढ़ जाती है। विधानसभा अध्यक्ष ने पहले ही निर्दलीय विधायकों की आंखों से सुरमा चुराया और वे इस्तीफे के बावजूद कांग्रेसी बागियों के साथ उपचुनाव की गंगा में तब हाथ नहीं धो पाए। अब उनकी बारी आई है, हालांकि वे भी बागी बनकर ही उपचुनाव जीतना चाहते हैं। उपचुनाव जीतकर सुक्खू सरकार को गलत साबित करना चाहते हैं। कल तक उनके साथ छह कांग्रेसी भी सुक्खू सरकार के खिलाफ मैदान में उतरे थे। उनके रिपोर्ट कार्ड में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की शैली के खिलाफ जो भी था, वह पूरी तरह खरा साबित नहीं हुआ और बाजी चार-दो के हिसाब में सरकार को फतवा नहीं सुना सकी। अब शेष बचे तीन निर्दलीय विधायकों की कहानी का मंचन नालागढ़ में केएल ठाकुर, देहरा में होशियार सिंह तथा हमीरपुर के आशीष शर्मा करेंगे। पुनः मशक्कत यह भी कि क्या भाजपा सीधी अंगुली से उन्हें अपना टिकट देगी या कहीं सख्त-नरम के बीच गलबहियां बदल जाएंगी। जो भी हो और जितनी भी जीत हो, भाजपा के आंकड़े बदल सकते हैं। इस बार फिर कांग्रेस को अपनी क्षतिपूर्ति दूर करनी है तो निशाने पर आशीष शर्मा, होशियार सिंह व केएल ठाकुर आएंगे। यह दीगर है कि लोकसभा चुनाव की परिपाटी में यह तिकड़ी सफलतापूर्वक भाजपा के हाथ में रिकार्ड बना चुकी है, फिर भी हर चुनाव और मुद्दे अलग होते हैं। अब न सरकार के खिलाफ और न ही विधानसभा के हालात इतने सरल हैं कि एकतरफा हो जाएं। जाहिर है भाजपा के लिए यह बिसात इन्हीं मोहरों पर कमाल कर सकती है। इस बार पुनः हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के ही दो विधानसभा हलकों में उपचुनाव अपनी परिभाषा गढ़ेगा। पिछली बार सुजानपुर, बड़सर, गगरेट तथा कुटलैहड़ में उपचुनाव हुए तो इस बार हमीरपुर व देहरा में यही क्षेत्र फिर दांव लगा रहा है। इसके अलावा शिमला संसदीय क्षेत्र का नालागढ़ मैदान पर आया है। यानी भाजपा की मजबूत दीवारों के सामने प्रदेश सरकार की विश्वसनीयता पर ये उपचुनाव पुनः दोनों पार्टियों के बीच कुछ समाधान तो कुछ व्यवधान पैदा कर सकते हैं।

# स्वाभिमान और आत्म गौरव से उपजी देश की स्वाधीनता, अखंडताशाश्वत एवं चिरकाल तक बनाए रखें

करीबन आठ सौ से हजार वर्षों की परतंत्रता के बाद अनेक जीवन का बलिदान देने और विभिन्न संघर्षों के बाद हमें स्वतंत्रता प्राप्त हुई है। इस संघर्ष से प्राप्त स्वतंत्रता को हमें देश की एकता, अखंडता एवं सामाजिक समरसता की शक्ति से चिरकाल तक स्थाई रूप से बनाए रखना है अब कभी स्वतंत्रता पर खतरा ना आए यह हमारे देश के दिग्दर्शकों को अपनी कर्मठ जिजीविषा से बनाए रखना होगा। स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद हमारी एकता, अखंडता एवं एकरूपता मजबूत हुई है, पर कतिपय राजनैतिक मंसूबों के कारण आज हम सांप्रदायिकता, क्षेत्रीयता, जातीयता और अलग-अलग भाषाओं के संघर्षों से गुजर रहे हैं। हम आज मंदिर ,मस्जिद, गुरुद्वारा और चर्च के विवाद को लेकर विवाद ग्रस्त हो जाते हैं । कभी हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, पंजाबी,मराठी,तेलगु,और कभी असमी भाषा के असमंजस में फंस कर एक दूसरे का विरोध जताना शुरू कर देते हैं। मूलत: हमें राष्ट्रीय अखंडता को बनाए रखने के लिए सांप्रदायिकता के विद्वेष, ईर्ष्या, जलन और सीमा तथा भाषाई विवाद से परे हटकर देश में अखंडता, सांप्रदायिक सद्भावना का एक शुद्ध वातावरण समाज में तैयार करना होगा, जिसके फलस्वरूप हम विकास की मुख्यधारा में अपना व्यक्तिगत योगदान राष्ट्र के प्रति दे संके। डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी ने कहा था कि ष्भारत संपूर्ण विश्व में एक अकेला ऐसा राष्ट्र है जहां मंदिरों ,मस्जिदों, गिरजाघरों और गुरुद्वारों का एक एकात्मक सह अस्तित्व कायम है। वर्तमान समय में वैश्विक स्तर पर आतंकवाद शांति सद्भावना एवं किसी भी राष्ट्र की अखंडता एकता एकरूपता के लिए सबसे बड़ा खतरा है। आतंकवादी कभी अमेरिका और कभी भारत के दिल्ली, मुंबई और अनेक प्रदेशों को अपना निशाना बनाकर आतंक फैलाने का प्रयास करते हैं और आतंकवाद ने कई राज्यों में अपार जनहानि तथा संपत्ति की क्षति पहुंचाई है। इसके अतिरिक्त अलगाववादियों ने भी राष्ट्रीय एकता अखंडता को भंग करने का पुरजोर प्रयास किया है। राजनीतिक पार्टियों के मंसूबों तथा उनकी महत्वाकांक्षाओं के कारण भी अलग-अलग जातियों संप्रदाय तथा पूजा के पवित्र स्थानों को लेकर समाज को अलग करने का बीजारोपण भी किया है। राजनीतिक पार्टियों के चंद राजनेता वोट बैंक बनाने के लिए कभी अल्पसंख्यकों में अलगाव के बीच बोलने का प्रयास करते हैं। कभी आरक्षण के नाम पर पिछड़े वर्गों को देश की मुख्यधारा से बहकाने का प्रयास करते हैं, और कभी किसी विशेष जाति प्रांत या भाषा के हकदार बन कर देश की एकता, अखंडता को खंडित करने का पुरजोर प्रयास करते हैं। यह अत्यंत निंदनीय एवं चिंतनीय सामाजिक पहलू है, जिस संदर्भ में हमें गहन विचार करने की आवश्यकता भी है। सामाजिक स्तर पर हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई एवं अन्य वर्ग सुचारू रूप से भाईचारे में अखंड विश्वास रखते हैं एवं सामान्य जीवन करने में विश्वास रखते हैं। पर राजनैतिक मंसूबों के कारण कुछ राजनेता इन सभी संप्रदायों को आपस में लड़वाकर अपना उल्लू सीधा करने का प्रयास करते हैं। पर यह एक अत्यंत विचारणीय पहलू है कि राष्ट्रीय अखंडता एकता तथा सहयोग को बनाए रखने के लिए केवल राजनेता या प्रशासनिक अधिकारियों का कार्य न होकर हम सबका यह कर्तव्य भी है कि हमें एकजुट होकर राष्ट्र सर्वोपरि की भावना को सदैव बनाए रखने का सतत प्रयास करना चाहिए। हम यदि ऐतिहासिक रूप से देखें की अनेक धर्मो जातियों और अनेक भाषाओं वाला भारत देश पूर्व में अनेक विसंगतियां के बावजूद सदैव एकता के सूत्र में बंधा रहा है। भारत देश में पूर्व में भी अनेक विदेशी जातियां आई और धीरे-धीरे भारत की मूल धारा में समाहित होती गई। भारत में आगमन के साथ इन्हीं जातियों की परंपराएं, विचारधाराएं, संस्कृति, संस्कार भारत की मुख्य धारा में एक रूप हो गई और भारत की सांप्रदायिक सौहार्द की भावना आज भी वैसी की वैसी ही है। भारत के जिम्मेदार नागरिक होने के कारण हमारी बड़ी नैतिक जिम्मेदारी है कि हम इस देश की अखंडता एकता समरूपता और परंपरा को मजबूत बनाकर विश्व के सामने एक मिसाल के रूप में पेश करें। यह सार्वभौमिक सत्य है कि कोई देश यदि संगठित एक रूप और शक्तिमान होता है तो सारा विश्व उसकी इस ऊर्जा शक्ति को चिन्हित कर उसका सम्मान करता है। और उस पर आक्रमण या किसी भी तरह के प्रतिबंध लगाने से भयभीत रहता है। जब तक हम एकता के सूत्र में बंधे तब तक हम मजबूत एवं शक्तिशाली हैं और जब हम खंडित या विघटित हुए तब तब देश कमजोर हुआ है। अब हमें इन विघटनकारी ताकतों और विध्वंस कारी शक्तियों को नियंत्रण में लाकर इन्हें देश से बाहर भगाना होगा और इन पर प्रभावी नियंत्रण कर के देश की संप्रभुता एकता को बनाए रखना होगा। इसके लिए देश के संचार माध्यम, मीडिया, साहित्यकारों, कलाकारों को राष्ट्रीय एकता के लिए अपने को समर्पित भाव से सामने लाकर देश की सेवा करनी होगी।

# कुर्बानी के साथ - साथ गरीबों और जरुरतमंदों की मदद करें - समाजसेवी मुशरफ खान





की कुर्बानी कराते हैं। शहर में आम तौर पर बकरों की कुर्बानी का चलन है। खान ने मुस्लिम भाइयों से खुले स्थान पर कुवांनी न करने की अपील की हैं। साथ ही कुर्बानी के फोटो सोशल मीडिया पर वायरल ना करने की भी नसीहत दी गई है। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई भी काम न करें जिससे दूसरे मजहब के लोगों की आस्था को ठेस पहुंचे। उन्होंने आगे कहा कि ईद उल अजहा का त्यौहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में शांति पूर्वक एवं भाईचारे से मनाएं और आपसी भाईचारा कायम रखें। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि बकरीद पर कुबानीं के बाद अवशेषों को गड्ढे में दबाएं, सफाई का ध्यान रखें। किसी झूठी अफवाह पर ध्यान न दें और शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का हर संभव सहयोग करें। त्यौहार को शान्ति से मनाने के साथ कुबार्नी से किसी को परेशानी न होने देने, साथ ही कुबानों के अवशेष जमीन में दबाने की अपील की। उन्होंने कहा की ईदुल अजहा पर कोई नई परम्परा शुरू नही होने दी जाएगी साथ ही जाने अनजाने में कोई गलती हो जाती है तो उसे अन्यथा में ना लें। ईद की नवाज ईदगाह के आहाते में ही अदा करे सड़को पर नवाज ना पढ़े। सभी को ईद-उल-अजहा की तहेदिल से बधाई एवं शुभकामनाएं।

**इस्लाम कुर्बानी के साथ-साथ गरीबों और जरुरतमंदों की मदद करने का हुक्म देता है - समाजसेवी मुशरफ खान**

**ऐसा कोई भी काम न करें जिससे दूसरे मजहब के लोगों की आस्था को ठेस पहुंचे - समाजसेवी मुशरफ खान**

**त्यौहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में शांति पूर्वक एवं भाईचारे से मनाएं और आपसी भाईचारा कायम रखें - वरिष्ठ समाजसेवी मुशरफ खान**

**सभी को ईद-उल-अजहा की तहेदिल से बधाई एवं शुभकामनाएं - वरिष्ठ समाजसेवी मुशरफ खान**

**ईद-उल-अजहा यानि बकरीद का त्योहार कल जिले भर में 17 जून को मनाया जाएगा। यह त्यौहार तीन दिन मनाया जाता और तीनों दिन कुर्बानी का सिलसिला चलता है।**

इस अवसर पर सभी को ईद-उल-अजहा की तहेदिल से बधाई एवं शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए वरिष्ठ समाजसेवी मुशरफ खान ने कहा कि इस्लाम कुर्बानी के साथ गरीबों और जरुरतमंदों की मदद करने का हुक्म देता है। कुर्बानी के साथ - साथ गरीबों और जरुरतमंदों की मदद करें। बहुत मेहंगा बकरा खरीदने की वजह कम कीमत का बकरा खरीद कर कुर्बानी दी जा सकती है। बाकी बची रकम से गरीबों व जरूरतमंदों की मदद की जाए। इस्लाम कुर्बानी के साथ-साथ गरीबों, जरुरतमंदों की मदद करने का हुक्म देता है। मुस्लिम समाज में साल में दो ही त्यौहार मजहबी तौर पर मनाये जाते हैं। पहला ईद-उल-फितर और दूसरी इद-उल-अजहा यानि बकरीद। कुर्बानी का लफ्ज कुर्ब से बना है। इसका मतलब होता है करीब होना। यानि अल्लाह तआला से अपनी नजदीकियां बढ़ाना होता है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज के इस त्योहार को ईद-उल-अजहा भी कहा जाता है। बकरीद पर जानवर की कुर्बानी दी जाती है। इस्लाम में बुनियादी तौर पर हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम के जमाने से है। इस्लाम में कुर्बानी एक इबादत की हैसियत रखती है। इबादते जितनी भी हैं वह सब बंदे का आला तआला से ताहलुक का इजहार होता है। जैसे बंदे की बंदगी नमाज है और माल से इबादत करने का इजहार जकात और सदका है ठीक इसी तरह कुर्बानी भी है। ज्यादातर लोग ईद उल-अजहा यानि कल के दिन की कुर्बानी कराएंगे। वहीं कुछ लोग आगे बचे दो दिनों में करा देते हैं। इस दिन साहिब -ए-निसाब (आर्थिक रूप से सक्षम) मुसलमान हजरत इब्राहिम और उनके बेटे हजरत इस्माइल की सुन्नत पर अमल करते हुए बकरा, भेड़, दुबा, ऊंट आदि

### उमर की ऐसी की तैसी

घर चाहे कैसा भी हो...
उसके एक कोने में..
खुलकर हंसने की जगह रखना..
सूरज कितना भी दूर हो..
उसको घर आने का रास्ता देना..
कभी कभी छत पर चढ़कर..
तारे अवश्य गिनना.....
हो सके तो हाथ बढ़ा कर ......
चाँद को छूने की कोशिश करना......
अगर हो लोगों से मिलना जुलना.......
तो घर के पास पड़ोस ज़रूर रखना..
भीगने देना बारिश में...
उछल कूद भी करने देना..
हो सके तो बच्चों को...
एक कागज़ की किश्ती चलाने देना..
कभी हो फ़ुरसत, आसमान भी साफ हो.....
तो एक पतंग आसमान में चढ़ाना..
हो सके तो एक छोटा सा पेंच भी लड़ाना..
घर के सामने रखना एक पेड़....
उस पर बैठे पक्षियों की..
बातें अवश्य सुनना.
घर चाहे कैसा भी हो.........
घर के एक कोने में...
खुलकर हँसने की जगह रखना....
चाहे जिधर से गुज़रिये..
मीठी सी हलचल मचा दीजिये..
उम्र का हर एक दौर मज़ेदार है
अपनी उम्र का मज़ा लीजिये...
ज़िंदा दिल रहिए जनाब ..........
ये चेहरे पे उदासी कैसी..
वक्त तो बीत ही रहा है.
उम्र की ऐसी की तैसी

यूनीयनिस्ट सतवीर सिंह

# खीरी में योग सप्ताह दिवस की शुरुआत, विधायक, डीएम और एसपी ने किया योगाभ्यास

## डीएम व एसपी ने विधायक के साथ योग दिवस का किया शुभारंभ



**लखीमपुर-खीरी।** मितौली तहसील परिसर में विधायक कस्ता सौरभ सिंह सोनू ने डीएम महेंद्र बहादुर सिंह एसपी गणेश प्रसाद साहा,सीडीओ अनिल कुमार सिंह की मौजूदगी में योग सप्ताह का दीप जलाकर शुभारंभ किया। आज के दिन सभी तहसील व ब्लाक मुख्यालयों में भी योग सप्ताह पर भव्य कार्यक्रम सम्पन्न हुये। कार्यक्रम में विधायक सौरभ सिंह सोनू, डीएम, एसपी, सीडीओ ने अधिकारी-कर्मचारियों के साथ योगाभ्यास किया। योग प्रशिक्षक कुलदीप वर्मा ने योगा प्रोटोकॉल के अनुक्रम में विभिन्न योगाभ्यास कराएं। दशम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस योग स्वयं एवं समाज के लिए थीम पर व्यापक स्तर मनाया जा रहा है। जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि योग केवल व्यायाम नही है, बल्कि स्वयं के साथ, विश्व और प्रकृति के बीच एकत्व खोजने का भाव हैं। योग हमारी जीवन शैली में परिवर्तन लाकर हमारे अंदर जागरूकता उत्पन्न करता है तथा प्राकृतिक परिवर्तनों से शरीर में होने वाले बदलावों को सहन करने में सहायक होता है। दशम अन्तर्राष्ट्रीय योग सप्ताह 15 जून से 21 जून तक एवं 21 जून को दशम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस जिसकी थीम योग स्वयं एवं समाज के लिए जिले में व्यापक स्तर पर मनेगा। प्रातःकाल योगाभ्यास कराने की बेबसाइट https://upayushso-cicty.com पर अथवा आयुष कवच एप के माध्यम से अपलोड करें।

एसपी गणेश प्रसाद साहा ने स्वयंसेवी संस्थाओं के पदाधिकारियों से अपील की कि वह अपने घर के सदस्यों एवं अन्य लोगों को योग करने हेतु प्रेरित करें। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने योग के महत्व को बताते हुए इसको वसुदेव कुटुंबकम की भावना को मजबूती प्रदान करने वाला तथा पूरी मानवता को एक साथ जोड़ने के एक सशक्त माध्यम के रूप में रेखांकित किया।

### पुलिस के सामने भिड़े दो पक्ष, जमकर पथराव

**सीतापुर।** हरगांव थाना क्षेत्र में दो पक्ष पुलिस के सामने ही भिड़ गए। दोनों पक्षों ने जमकर पथराव किया। इस घटना में मौके पर मौजूद एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। घायल पुलिस कर्मी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इस मामले को लेकर आधा सैकड़ा के करीब लोगों पर केस दर्ज किया है। हरगांव थाना क्षेत्र के ग्राम मोहरसा निवासी अच्छन व मुन्ना के बीच विवाद चल रहा था। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के सामने ही अच्छन पक्ष व मुन्ना पक्ष के बीच विवाद बढ़ गया। दोनों पक्षों में लाठी डंडे चलने लगे और पथराव होने लगा। इसी बीच पुलिस का जवान सुभाष फंस गया जो बीच बचाव के चक्कर में चोटिल हो गया। सूचना मिलते ही भारी संख्या में पुलिस बल मोहरसा गांव पहुंचा और घायल सिपाही को अस्पताल पहुंचाया। घटना के संबंध में सीओ सतीश चंद्र शुक्ला ने बताया कि इस पूरे प्रकरण को लेकर हरगांव थाने में केस दर्ज कर लिया गया है। कुल 26 लोग नामजद हैं। जबकि 30 लोग अज्ञात हैं। इस मामले को लेकर कई लोगों को हिरासत में लिया गया है। घटना की जांच की जा रही है। यहां बता दें कि मोहरसा में हुई इस घटना से पूरे गांव में तनाव व्याप्त है। सुरक्षा के लिहाज से गांव में पुलिस बल तैनात किया गया है।

### घर का पानी बहाने के विवाद में एक व्यक्ति पर धारदार हथियार से वार कर बुरी तरह किया गया घायल

**जमालपुर, मिर्जापुर।** विकास खण्ड जमालपुर के ओड़ी गांव में घर का पानी बहाने को लेकर शनिवार की शाम दो पक्षों में मारपीट हो गई। आपसी विवाद में एक पक्ष धारदार हथियार से बुरी तरह जख्मी हो गया। ग्रामीणों के सूचना पर पहुंची पुलिस ने जख्मी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जमालपुर ले आए।जहां चिकित्सकों ने देखते ही प्रथम दृष्टया उपचार के बाद हालत गंभीर देख 45 वर्षीय मुन्ना चौबे पुत्र भरत चौबे को ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया । प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार की शाम ओड़ी चट्टी पर पलकधारी चौबे एवं मुन्ना चौबे में तू तू मैं मैं हुआ था।घर पहुंचने पर गली में पानी बहाने के पुराने विवाद में दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए।संजय चौबे पुत्र पलक धारी चौबे ने धारदार हथियार से प्रहार कर दिया। जिससे मुन्ना चौबे को गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। मारपीट के दौरान लोगों की भीड़ जुट गई। वही ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया। सड़क पर खून के धब्बें बिखरे हुए थे।पुलिस ने धारदार हथियार को भी बरामद कर लिया।

# बाग की रखवाली करने गए बागवान की गला रेतकर हत्या

➲ घटना से इलाके में फैली सनसनी
➲ पुलिस वारदात की जांच में जुटी

**सीतापुर।** पिसावां थाना क्षेत्र में शुक्रवार की रात अज्ञात हत्यारों ने एक बागवान की गला रेतकर हत्या कर दी। जिसके बाद हत्यारे फरार हो गए। वारदात को किसने और किस मकसद से अंजाम दिया, यह रहस्य बना हुआ है। पुलिस जांच की बात कह रही है। पिसावां थाना क्षेत्र के ग्राम तेजी पुरवा निवासी हेतराम पुत्र बड़कन्नू कुतुब नगर निवासी इंद्र प्रकाश सिंह की बाग की रखवाली करने गया था। आधी रात के वक्त अज्ञात हत्यारों ने बाग में धावा बोल दिया। इससे पहले कि किसी को कुछ भनक लगती, हत्यारों ने धारदार हथियार से हेतराम का गला काट दिया। जिसके बाद हत्यारे मौके से फरार हो गए। बताते हैं कि इसी बाग के दूसरे छोर पर हरदोई जिले के टड़ियावां थाना क्षेत्र के ग्राम गोपामऊ निवासी सर्वेश पुत्र दयाराम व मन्नी पुत्र नंद लाल मौजूद थे। ये दोनो आहट पाकर जब हेतराम के पास पहुंचे, तो वहां का दृश्य देख उनके पैरों तलें जमीन खिसक गई। क्योंकि सामने हेतराम रक्तरंजित अवस्था में पड़ा था। लोग उसे लेकर मिश्रित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। यहां पर डॉक्टरों ने उसकी हालत नाजुक बताते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे लखनऊ रेफर कर दिया। लखनऊ जाते समय हेतराम ने रास्ते में दम तोड़ दिया। घटना के संबंध में मृतक के भाई उमाशंकर ने अज्ञात हत्यारों के खिलाफ पिसावां थाने में तहरीर दी है। घटना के संबंध में क्षेत्राधिकारी महोली अरुण कुमार सिंह ने बताया कि घटना के हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की और साक्ष्य जुटाए हैं। जल्द से जल्द वारदात का राजफाश किया जाएगा।

# फर्जी सोने की ईंट दिखाकर ठगी करने वाले तीन शातिर अभियुक्त गिरफ्तार




लखीमपुर-खीरी।पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा के निर्देशन में जनपद स्तर पर चलाये जा रहे वारण्टी वाछिंत संदिग्ध अभियुक्तों व ठगी करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी निघासन प्रवीण कुमार यादव के पर्यवेक्षण में व कार्यवाहक थानाध्यक्ष निघासन आदित्य कुमार यादव के कुशल नेतृत्व में निघासन पुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्तगण दिनेश कुमार उर्फ बाबा पुत्र गेंदूलाल निवासी ग्राम सेमरापुरवा मजरा मिर्जागंज थाना निघासन जनपद खीरी,विनोद कुमार पुत्र मनोहर लाल निवासी ग्राम जम्हौरा थाना पढुआ जनपद खीरी,राजेश सिंह पुत्र राम अचल निवासी प्रतापगढ़ मजरा मूड़ाबुजुर्ग थाना निघासन जनपद खीरी को ग्राम बस्तीपुरवा स्थित आम के बाग से हिरासत पुलिस में लिया गया है।जामा तलाशी से प्रतिरुपित सोने की ईट,08 लाख रुपये व एक अदद मोटर साइकिल प्लेटिना न० यूपी 31 बीडब्लू 3411 की बरामदगी हुई है। अभियुक्तगण के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।अभियुक्तगण के विरूध पंजीकृत अभियोग विवरण मु०अ०सं० 175/2024 धारा 406, 411,420 भा०दं०वि० बनाम,दिनेश कुमार उर्फ बाबा पुत्र गेंदूलाल नि० ग्राम सेमरापुरवा मजरा मिर्जागंज थाना निघासन जनपद खीरी,विनोद कुमार पुत्र मनोहर लाल नि० ग्राम जम्हौरा थाना पढुआ जनपद खीरी,राजेश सिंह पुत्र राम अचल नि० प्रतापगढ़ मजरा मूड़ाबुजुर्ग थाना निघासन जनपद खीरी,अभियुक्तगण से बरामदगी विवरण प्रतिरुपित सोने की ईंट, 08 लाख रुपये व एक अदद मोटर साइकिल प्लेटिना रजि०नं० यूपी 31 बीडब्लू 3411 कार्यवाही करने वाली पुलिस टीम उ० नि० राजेन्द्र कुमार तिवारी, का० दिनेश कुमार,का० राजकुमार यादव शामिल रहे।

# कार से टकराई बाइक! बेकाबू होकर ई-रिक्शा में घुसी, ई-रिक्शा खाई में पलटा

### सड़क हादसे में एक की दर्दनाक मौत, आधा दर्जन चोटिल




**बांकेगंज-खीरी।** थाना मैलानी के कुकरा बांकेगंज मार्ग पर शुक्रवार को कुकरा से बांकेगंज की तरफ़ से एक कार जा रही थी इंडियन पेट्रोल पम्प से पहले बांकेगंज की तरफ़ से आ रही बाइक में आमने-सामने से ज़ोर दार टक्कर हुई जिसके चलते बाइक अनियंत्रित होकर ई रिक्शा में घुस गई जिसके कारण ई रिक्शा खाई में जा गिरा ई रिक्शा में एक ही परिवार आठ लोग सवार थे जो पूरनपुर पीलीभीत से मड़हा बाबा के स्थान पर भंडारा में जा रहे थे हादसे में सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। भाजपा नेता शेर अली खान अपनी टीम के साथ तत्काल पहुंचे घायलों की सहायता में जुट गये तत्काल पुलिस चौकी प्रभारी के के यादव को फ़ोन किया आनन फानन में चौकी प्रभारी कुकरा मय फोर्स मौके पर पहुंचे डायल 112 भी मौके पर पहुंची इधर एम्बुलेंस 108 भी तत्काल मौके पर पहुंची और घायलों को सी एच सी बांकेगंज मैं भर्ती कराया जहां पर उनका प्राथमिक उपचार किया गया लेकिन हादसे में एक महिला नीलम पुत्री शंकर निवासी पहाड़ नगर की दर्दनाक मौत हो गई।

# जिलाधिकारी ने समाधान दिवस पर सुनी शिकायतें, किया निस्तारण



**सीतापुर।** जनता की शिकायतों एवं समस्याओं के निस्तारण के लिए शनिवार को जिले की सभी सात तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील मिश्रिख में जिलाधिकारी अनुज सिंह एवं पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। अधिकारियों ने शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को सुना। शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये। लेखपाल रामकुमार के कार्यों में लापरवाही व राजस्व मामलों को अधिक समय तक लम्बित रखने व ससमय निस्तारण न करने पर बर्खास्त करने की चेतावनी दी। कहा कि यदि लम्बित प्रकरण समय से निस्तारित न किये तो बर्खास्तगी के लिये तैयार रहें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान विधायक रामकृष्ण भार्गव, उपजिलाधिकारी पंकज सक्सेना, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा हरपाल सिंह आदि मौजूद रहे। तहसील मिश्रिख में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 32 शिकायते आई। इनमें से 4 का निस्तारण मौके पर किया गया। इसी प्रकार से तहसील सिधौली में प्राप्त 57 प्रार्थना पत्रों में से 4, तहसील महमूदाबाद में प्राप्त 68 प्रार्थना पत्रों में से 4, तहसील बिसवां में प्राप्त 65 प्रार्थना पत्रों में से 7, तहसील सदर में प्राप्त 52 प्रार्थना पत्रों में से 5, तहसील लहरपुर में प्राप्त 33 प्रार्थना पत्रों में से 3, तहसील महोली में प्राप्त 43 प्रार्थना-पत्रों में से 3 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया। शेष शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

# चालक को नींद आने से बेकाबू हुई बस पेड़ से टकराई, पांच सवारियां जख्मी




**सिंगाही-खीरी।** जिले की सिंगाही-निघासन मार्ग पर शनिवार को तेज रफ्तार डबल डेकर बस चालक को झपकी आने से अनियंत्रित होकर सड़क की दाहिनी तरफ जाकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में बस में बैठे पांच लोग घायल हुए हैं तिकुनियां से सवारियां लेकर शनिवार दोपहर करीब तीन बजे डबल डेकर बस यूपी 15 सी-टी 4732 दिल्ली जा रही थी। सिंगाही-निघासन मार्ग पर मुक्ति धाम के पास चालक को झपकी आने से बस अनियंत्रित होकर बायें तरफ से दाहिनी ओर पेड़ में टकरा गई।पेड़ में रगड़ से बस का अगला हिस्सा क्षति ग्रस्त हो गया। जिसमे कई लोग घायल हो गए। घायलों को निघासन स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार भदौरिया ने बताया कि बस घटना में जो लोग घायल हुए हैं। उन्हें निघासन स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

# गंगा दशहरा आज धार्मिक और पौराणिक महात्म में आज के दिन मां गंगा का धरती पर अवतरण हुआ था



**लखनऊ/बरेली।** हर साल ज्येष्ठ माह में शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मां गंगा की पूजा-अर्चना की जाती है. इस तिथि को गंगा दशहरा को गंगावतरण भी कहा जाता है. इस बार गंगा दशहरा 16 जून 2024 रविवार को मनाया जाएगा. ऐसी मान्यता है कि इस गंगा स्नान करने से सारे पाप धुल जाते हैं. इसी दिन मां गंगा का पृथ्वी पर अवतरण हुआ था. भागीरथ अपने पूर्वजों की आत्मा का उद्धार करने के लिए गंगा को पृथ्वी पर लेकर आए थे. इसी कारण गंगा को भागीरथी भी कहा जाता है. हिंदू धर्म में गंगा को मां का दर्जा दिया गया है। गंगाजल बहुत ही पवित्र और पूजनीय माना जाता है. किसी भी शुभ कार्य और पूजा अनुष्ठान में गंगाजल का प्रयोग जरूर किया जाता है. गंगा भवतारिणी हैं, इसलिए हिंदू धर्म में गंगा दशहरा का विशेष महत्व माना जाता है. इसलिए इस दिन गंगा घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिलती है. इस दिन गंगा के घाट पर भव्य गंगा आरती भी होती है. इसी दिन साल का आखिरी बड़ा मंगल भी रहेगा. ऐसे में साधक पर मां गंगा और हनुमान जी की कृपा बरसेगी। गंगा दशहरे के दिन श्रद्धालु जन जिस भी वस्तु का दान करें उनकी संख्या दस होनी चाहिए और जिस वस्तु से भी पूजन करें उनकी संख्या भी दस ही होनी चाहिए. ?सा करने से शुभ फलों में और अधिक वृद्धि होती है. गंगा दशहरे का फल ज्येष्ठ शुक्ल दशमी के दिन गंगा स्नान करने से व्यक्ति के दस प्रकार के पापों का नाश होता है. इन दस पापों में तीन पाप कायिक, चार पाप वाचिक और तीन पाप मानसिक होते हैं इन सभी से व्यक्ति को मुक्ति मिलती है।

### गंगा दशहरा 2024 का शुभ मुहूर्त

ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि 16 जून 2024 को प्रात- 02 बजकर 32 मिनट पर शुरू होगी और अगले दिन 17 जून 2024 को प्रात- 04 बजकर 43 मिनट पर समाप्त होगी।

### गंगा दशहरा पर दान

गंगा दशहरा के दिन स्नान-दान का विशेष महत्व है. मनात्याओं के अनुसार, गंगा दशहरा के दिन गंगा नदी में स्नान करने से जीवन में आ रही समस्याएं दूर हो जाती हैं. इस विशेष दिन 10 चीजों के दान को बहुत ही महत्वपूर्ण माना जा रहा है. बता दें कि गंगा दशहरा के दिन- जल, अन्न, वस्त्र, फल, पूजन, श्रृंगार, घी, नमक, शक्कर और स्वर्ण का दान करना बहुत ही शुभ और फलदाई माना जाता है।

### दृक पंचांग के अनुसार

इस साल 16 जून 2024 को गंगा दशहरा मनाया जाएगा। मान्यता है कि इस विशेष दिन शिव-गौरी और मां गंगा की पूजा-आराधना से शुभ फलों की प्राप्ति होती है। सनातन धर्म में हर साल ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को गंगा दशहरा मनाया जाता है।

# मोहम्मदी रोडवेज बस स्टॉप से बस चुरा ले गए चोर, चोरी गई बस शाहजहांपुर में मिली, विभाग में मची खलबली

➲ अरे ये क्या! मोहम्मदी रोडवेज बस स्टेशन से बस हो गई चोरी, जिम्मेदारों मे मचा हड़कंप ➲ गजब हाल है! बस अड्डे से चोरी हो गई रोडवेज की बस, जानिए कहां मिली




**लखीमपुर-खीरी।** मोहम्मदी के रोडवेज बस अड्डे से शुक्रवार की देर रात लखनऊ के लिए जाने वाली रोडवेज बस को चोरी कर लिया गया। घटना से विभाग में हड़कंप मच गया। इसके बाद यह बस शनिवार को शाहजहांपुर वर्कशॉप के पास खड़ी मिली।

**बस अड्डे से चोरी हो गई रोडवेज की बस**


इंचार्ज ने जानकारी दी कि गोला डिपो की बस पसगवां-जंग बहादुरगंज होकर लखनऊ के लिए निकलती है। रात में बस मोहम्मदी रोडवेज के बस स्टैंड पर खड़ी होती है। रोज सुबह यात्रियों को लेकर लखनऊ के लिए निकलती है। शुक्रवार की रात डिपो की बस संख्या यूपी 30 टी 9989 पर स्टेशन पर खड़ी थी जिसे अज्ञात व्यक्ति चला कर ले गया। इसके बाद बस शाहजहांपुर रोडवेज के वर्कशाप के पास खड़ी मिली। बस के एक साइड के शीशे भी टूटे हुए हैं।

**बस खड़ी न देख मचा हड़कंप!**

शनिवार की सुबह चालक अमित सिंह परिचालक आरिफ खां लखनऊ के लिए बस की तैयारी में आए तो देखा कि रोडवेज पर बस खड़ी ही नहीं थी। बस की तलाश की गई तो कोई पता नहीं चला। पुलिस को सूचना दी गई तो रोडवेज के सामने मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे से फुटेज देखी गई। इसमें एक व्यक्ति बस को शाहजहांपुर की और जाते हुए देखा गया हालांकि मोहम्मदी पुलिस का कहना है कि तहरीर मिली है,कार्रवाई की जा रही है।

# सीडीओ ने ककरदही में ठोस एवं अपशिष्ट प्रबंधन हेतु बनाए गए आरआरसी सेंटर एवं गौशाला का किया औचक निरीक्षण

➲ आरआरसी सेंटर के माध्यम से ऑर्गेनिक खाद का किया जाएगा निर्माण



**कानपुर देहात।** मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन० द्वारा विकास खंड मैथा की ग्राम पंचायत ककरदही में ठोस एवं अपशिष्ट प्रबंधन हेतु बनाए गए आरआरसी सेंटर का निरीक्षण किया गया, जो कि वर्मातमान में पूर्ण निर्मित किया जा चुका है जिसके त्वरित संचालन हेतु उन्होंने संबंधित ग्राम विकास अधिकारी को निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि यहां पर 02 नाडेप कंपोस्ट भी बनाई गई है बनी है जिनसे पराली और गीला कचरा की मदद से भी खाद का निर्माण स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किया जाएगा। इसके पश्चात उन्होंने ग्राम पंचायत में बनी गौ आश्रयस्थल ककरदही का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान करीब 120 गौवंश पाए गए, जिनको हरा चारा, पानी, चूनी, चोकर आदि समय से उपलब्ध कराए जाने हेतु ग्राम प्रधान, खंड विकास अधिकारी आदि को निर्देशित किया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि यहां पर पशु चिकित्सा अधिकारी भ्रमण कर सभी गोवंशों का स्वास्थ्य परीक्षण करें तथा सभी का ईयर टैगिंग अवश्य किया जाए तथा गौवंशो को हरा चारा उपलब्ध कराए जाने हेतु चारागाह की भूमि पर हरा चारा अवश्य उगाए जाने हेतु हिदायत दी। इसके पश्चात उन्होंने एसबीएम 2023-24 के तहत 266 मॉडल गांव में से पहले चरण में चुने गए माडल ग्राम पंचायत भेवान में पानी को एकीकृत सोख गड्ढे के माध्यम से फ़िल्टर किए जाने हेतु मौके पर चल रहे कार्य को देखा गया उन्होंने संबंधित खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिए गए कि वर्तमान में चल रहे कार्य को आगामी वर्षा ऋतु से पहले पूर्ण कर लिया जाए ताकि बरसात का पानी सीधे तालाबों में एकत्र हो सके। निरीक्षण के समय जिला पंचायत राज अधिकारी खंड विकास अधिकारी मैथा आदि उपस्थित रहे।

# ज्येष्ठ मास के शनिवार को जगह-जगह हुए भंडारे

❑ श्रद्धालुओं ने जय हनुमान के लगाए जयकारे

**सीतापुर।** ज्येष्ठ मास में शनिवार के दिन भी हनुमान भक्तों ने जगह-जगह भंडारों का आयोजन किया। हनुमान की पूजा आराधना करने के साथ भोग लगाया और प्रसाद वितरण किया। पूरे जिले में प्रभु हनुमान की भक्ति की धूम रही। जेल रोड स्थित बड़े महावीर मंदिर पर सुबह से ही पूजा अर्चना का दौर शुरू हो गया। पूरा अर्चना का दौर देर शाम तक चलता रहा। इस दौरान भंडारे का भी आयोजन किया गया। नई बस्ती जेल रोड स्थित भगवान शिव के मंदिर पर पूजा अर्चना की गई। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने पूजा अर्चना की। पूजा अर्चना के उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं को पूड़ी सब्जी का वितरण किया गया। इस अवसर पर शैलेश महेंद्र, संजीव पांडेय, गुड्डू शर्मा, दीपक मिश्रा, हर्षित पांडेय आदि मौजूद रहे। इसी तरह से नैपालापुर, आदर्श नगर, पुलिस लाइंस आदि हनुमान मंदिरों पर पूजा अर्चना के उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया। तहसील महोली क्षेत्र में पिसावां के नेरी राष्ट्रीय राजमार्ग पर श्रद्धालुओं ने शरबत वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें आने - जाने वाले दो पहिया चैपहियां वाहनों को रोककर उन्हें शरबत पिलाया गया। लहरपुर में ज्येष्ठ माह के शनिवार को नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह प्रसाद वितरण व भंडारों का आयोजन किया गया। नगर के छोटे बालाजी मंदिर पर निक्की रस्तोगी द्वारा, पक्के तालाब तीर्थ पर कुलदीप कश्यप, बरम बाबा देवस्थान पर दीपक कपूर, खतराना स्थित नव निर्मित शिव मंदिर पर अनुपम मेहरोत्रा ने भंडारों का आयोजन कर प्रसाद का वितरण किया। इस मौके पर क्षेत्र के विभिन्न हनुमान मंदिरों पर विशेष पूजा अर्चना कर सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ किया गया जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पिसावां कस्बा चैराहा पर रामू गुप्ता व मुल्ला भीरी मे भगवान शिव जी के मंदिर पर सत्य देव मिश्रा आदि लोगों ने भंडारे का आयोजन किया। भगवान हनुमान जी की पूजा अर्चना की।

# सड़क हादसा, बेकाबू कार खंभे से टकराई ग्राम प्रधान की मौत, दो जख्मी

➲ बिजली के खंभे से टकराई कार, युवक की मौत,दो जख्मी ➲ सड़क किनारे बिजली के खंभे से टकराई कार, ग्राम प्रधान की मौत, दो लोग जख्मी ➲ तेज रफ्तार से जा रही कार खंभे से टकराई, एक युवक की मौत, दो घायल ➲ मार्ग दुर्घटना में ग्राम पंचायत पहाड़पुर के वर्तमान प्रधान गुरलाल सिंह की दर्दनाक मौत




**बांकेगंज-खीरी।** थाना मैलानी के बांकेगंज कुकरा मार्ग पर देर रात एक कार खंभे से टकरा जाने के कारण एक युवक की मौत दो लोग गंभीर रूप से घायल प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड बांकेगंज की ग्राम पंचायत पहाड़पुर के मौजूदा युवा ग्राम प्रधान गुरलाल सिंह पुत्र अवतार सिंह उम्र 25 वर्ष जो की अपने दोस्त नवजोत सिंह पुत्र गुरपेज सिंह लवप्रीत सिंह के साथ कार से बांकेगंज से वापस देर रात घर पहाड़पुर जा रहे थे कुकरा बांकेगंज मार्ग गल्ला गोदाम के पास फॉर्च्यूनर गाड़ी अनियंत्रित होकर खंभे से टकरा गई टक्कर इतनी भयानक थी की कार के परखच्चे उड़ गए तीनों युवा कर सवार गंभीर रूप से घायल हो गए जिनको गोला के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर डॉक्टरो ने हालात को गंभीर देखते हुए रेफर कर दिया लखनऊ ले जाते समय युवा ग्राम प्रधान गुरलाल सिंह की रास्ते में ही मौत हो गई दो लोगों का लखनऊ में इलाज चल रहा है जिनकी हालत गंभीर बनी हुई है भीषण हादसे के चलते पहाड़पुर गांव सहित क्षेत्र में मातम छा गया गुरलाल सिंह के परिवार में उनके माता-पिता चार बहने व पत्नी एक चार साल का बेटा है परिवार के लोगों का रो-रो के बुरा हाल है।

# माता-पिता, आध्यात्मिक गुरु व सच्चे शिक्षकों का उद्देश्य हमें ऊपर उठाना है: आचार्य डॉ. मदन गोपाल वाजपेयी

## ईश्वर की संतान होने के बाद भी जो स्वयं को अपूर्ण समझे, ऐसा विचार अपराध से कम नहीं

**सकलडीहा, चंदौली।** आज हर मानव पूर्णता की खोज में लगा हुआ है और वह अपूर्णता से जूझ रहा है। कोई अपने शरीर को पुष्ट देखना चाहता है तो कोई धन से तो कोई पद से पुष्ट होना चाहता है, तो कोई मान-सम्मान की पुष्टि चाहता है। इसी में सभी उलझते जा रहे हैं। यह उक्त विचार आयुष ग्राम चिकित्सालय चित्रकूट के चरक स्वरूप आयुर्वेदाचार्य व धनवंतरि परिवार के संस्थापक तथा हजारों शिष्यों के महान गुरु आचार्य डॉक्टर मदन गोपाल वाजपेयी जी ने अपने शिष्यों के बीच व्यक्त किया। आगे बताया कि इस पर विश्व के प्राचीन चिकित्सा वैज्ञानिक आचार्य चरक ने भी खोज कर लिखा है कि पुष्टि कारक उपचारों में सर्वश्रेष्ठ उपचार मनः संतोष, आन्तरिक संतोष या विश्रान्ति को धारण करना ही पूर्णता है। इससे बड़ी कोई औषधि नहीं है। पर यह कहाँ मिलेगी इसे समझना होगा। यह आपके ही पास, आपके ही अन्दर, किसी डॉक्टर या अस्पताल में नहीं मिल सकती है। यह केवल सद्गुरु के कृपा से ही संभव है।

इसलिए भटकने के बजाय सद्गुरु के चरणों में का आश्रय लेना चाहिए। जब हम उस परमात्मा की संतानें हैं और वेद कहता है कि पूर्ण से पूर्ण की ही उत्पत्ति होती है तो हम अपने को अपूर्ण कैसे मान लें। ईशावास्योपनिषद् में कहा गया है कि वह (परब्रह्म) पूर्ण है यह (कार्य ब्रह्म) भी पूर्ण है क्योंकि पूर्ण से पूर्ण की ही उत्पत्ति होती है तथा (प्रलयकाल) में पूर्ण (कार्यब्रह्म) का पूर्णत्व लेकर अपने में लीन करके



पूर्ण (परब्रह्म) ही बचता है। हमें जब तक यह ज्ञान नहीं होता कि हम पूर्ण हैं और पूर्ण परमात्मा की पूर्ण संतान हैं तभी तक हम अपूर्ण, असंतुष्ट और बेचैन रहते हैं। भगवान् गीता में कहते हैं कि ऐसा व्यक्ति कर्म करता हुआ भी कर्म रहित ही माना जाता है, जो सभी कर्मों और उनके फल में आसक्ति का सर्वथा त्याग कर सांसारिक सम्बन्धों, व्यवस्थाओं का आश्रय छोड़कर भगवान् का आश्रय ले चुका है, अपने को भगवान् का कह चुका है। ऐसा व्यक्ति पूर्ण अर्थात् स्थायी रूप से संतुष्ट और तृप्त रहता है। फिर ऐसा व्यक्ति अपने दायित्व में मिले कर्मों को अच्छी तरह से अभिप्रवृत्त होता हुआ भी, कुछ भी नहीं करता ऐसा माना जाता है। सामान्यजन देखेंगे उन्हें तो यही लगेगा कि यह अपने काम में जी-तोड़ लगा है और लगा भी रहना चाहिए पर पूर्णता के साथ अर्थात् नित्यतृप्तता के साथ, निरासक्ति के साथ, यही तो सन्यास योग है।यही शांति का मार्ग है। हमारी अपूर्णता का सिलसिला जन्म से प्रारम्भ होता है और वह मृत्युपर्यन्त चलता भी है और वहीं से हमारे अगले जन्म की गति निर्धारित हो जाती है। ईश्वर की संतान होते हुए जब कोई स्वयं को अपूर्ण समझता है तो वह अपराध से कम नहीं है। ये अपूर्णतायें हमारी मनः स्थिति की देन हैं। जैसे अपने को धन, बल, वैभव, पद, शरीर आदि से हीन समझना। संसारी व्यक्ति जब भी आपको मिलेगा वह आपकी अपूर्णता को गिनाने में पीछे नहीं रहेगा, ध्यान रखें जन्म से लेकर मृत्युपर्यन्त हम दूसरे के मापदण्डों में खरे नहीं उतरते वे हमारी अपूर्णतायें ही गिनाते रहते हैं। सदैव ध्यान रखें कि अपने आप को अपूर्ण मानने वाला सर्वाधिक दरिद्र होता है। दूसरी बात ध्यान रखना चाहिए कि माता-पिता, आध्यात्मिक गुरु, सच्चा शिक्षक यदि हमारी किसी कमी की ओर इशारा कर रहे हैं तो उनका उद्देश्य हमें ऊपर उठाना है। किन्तु यदि कोई ईर्ष्यालु, अभिमानी, दमनकारी, सांसारिक व्यक्ति हमारी अपूर्णतायें बता रहा है तो हमें सचेत रहना होगा कि हम कहीं इनके कारण से कुण्ठा ग्रस्त हीनभावनायुक्त तो नहीं होते जा रहे हैं। पूर्णता ही स्वास्थ्य का सही उपचार है यदि हम सच में शारीरिक, मानसिक, ऐन्द्रिक स्वास्थ्य पाना चाहते हैं तो हमें अपनी पूर्णता का अनुभव करना होगा अन्यथा चाहे जितनी पोषक दवाइयाँ खा लें निष्फल रहेंगी। सोचें कि जब कोई व्यक्ति दवाइयों या भोजन से पुष्ट होता है तो वह पूर्णता का ही अनुभव करता है भले ही वह अस्थायी अनुभूति हो। इस प्रकार पूर्णता और पुष्टि एक दूसरे के पर्याय हैं। स्वयं को भगवान् का अंश समझना अपनी पूर्णता पर विश्वास करने का सहज उपाय है।

# जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज में योग सप्ताह का हुआ शुभारंभ



**अमेठी।** शनिवार को जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज के प्रांगण में योग सप्ताह का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी निशा अनंत, जनपद के सम्मानित जनप्रतिनिधि, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, सहित अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं तथा जन सामान्य ने योगाभ्यास किया। योग प्रशिक्षक धर्मेंद्र वर्मा, प्रेम सुधा सिंह एवं राघवेंद्र द्वारा सभी को योगाभ्यास कराया गया तथा योग के विभिन्न आसन सिखाए गए। बताते चलें कि 21 जून को आयोजित होने वाले 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में शासन के निर्देश पर 15 से 21 जून तक योग सप्ताह आयोजित कर सामूहिक योगाभ्यास कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके क्रम में शनिवार को प्रातः 6:00 बजे से 7:00 तक जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज में सामूहिक योगाभ्यास किया गया इसके साथ ही सभी तहसीलों, ब्लॉकों, हेल्थ वेलनेस सेंटर, नगरीय निकायों आदि जगहों पर भी सामूहिक योग्याभ्यास के कार्यक्रम आयोजित कर जन सामान्य को योग के महत्व के बारे में बताया गया। इस दौरान जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज में जिलाधिकारी ने सभी को नियमित रूप से योग करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि योग के माध्यम से शरीर में होने वाली विभिन्न बीमारियों से बचा जा सकता है इसलिए से सभी को योग करना चाहिए।

# पूरे दुबे हाजीपुर गांव में कलश यात्रा के साथ शुरू हुई श्रीमद भागवत कथा





**परसदेपुर,रायबरेली।** विकास खण्ड डीह के पूरे दुबे हाजीपुर गांव में भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत कथा की शुरुवात हुई। कलश यात्रा कथा स्थल से शुरुवात होकर प्राचीन सई नदी से जल लेकर शिव मंदिर,देवी मंदिर व हनुमान मंदिर सहित आसपास के गांव होते हुए कथा स्थल पर समाप्त हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालु पीत वस्त्र पहन कर व सिर पर कलश धारण कर शामिल हुई। कथा का शुभारंभ करते हुए कथा व्यास आचार्य गोविंद त्रिपाठी ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा, ऐसी कथा है, जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती है। इसलिए जहां भी भागवत कथा होती है, इसे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक उर्जा से सशक्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि कथा की सार्थकता तभी सिद्ध होती है, जब इसे हम अपने जीवन और व्यवहार में धारण करें। श्रीमद्भागवत कथा के श्रावण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता है ।इस मौके पर मुख्य यजमान धर्मराज मिश्र,शिवप्रसाद मिश्र,उमाशंकर मिश्र,सुंदरलाल,नंदलाल मिश्र,रामसेवक मिश्र, करन मिश्र,सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी सांसद निधि से बनी 23.94 लाख की बाउंड्री



**चोपन, सोनभद्र।** एक तरफ उत्तर प्रदेश की योगी सरकार जहां भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाये हुए है तो वही दूसरी तरफ विभागों में बैठे अधिकारी व कर्मचारी ही सरकार की नीतियों पर पानी फेरते नजर आ रहे हैं।विकास खण्ड चोपन के ग्राम पंचायत गोठानी स्थिति सोमनाथ मंदिर के समीप खेल मैदान में हमेशा क्रिकेट व खेल मद्देनजर लोगों की मांग पर ब्राउंड्री सुरक्षा के दृष्टिकोण से असामाजिक तत्वों के प्रवेश पर रोक लगाने के लिये सांसद निधि से 23.94 लाख रुपये के लागत से गोठानी बंसरा मंदिर के नीचे स्टेडियम के बाउंड्री वाल का निर्माण करवाया गया था।जिसमें मानकों को ताक पर रखकर घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया था जिसकी वजह से निर्माण कुछ तरह हुवा की कुछ महीने में ही बाउंड्री भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया पूरी दीवाल हवा में गिर गया।बाउंड्रीवॉल बनाने में मजबूती का ख्याल रखा जाता है जब कोई मकान या बाउंड्रीवॉल बनाई जाती है तो उसकी मजबूती के लिए मजबूत बेस व दीवार को मजबूती प्रदान करने पिलर का निर्माण किया जाता है। इससे दीवार की उम्र लम्बी हो जाती है।लेकिन ठेकेदार द्वारा द्वारा मानक का ध्यान नही दिया गया इस मामले में शासन प्रशासन संज्ञान में लेते हुये दोषियों पर कड़ी कार्यवाही करते हुये पुनः पूरा मानक के अनुसार निर्माण करवाया जाये।

# जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए चारों तहसीलों में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस



तहसील गौरीगंज में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

**अमेठी।** जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से शनिवार को जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में तहसील गौरीगंज में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। तहसील गौरीगंज में कुल 35 शिकायतों 06 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया, तहसील अमेठी में 74 शिकायतों में 04 का निस्तारण किया गया, तहसील तिलोई में 39 शिकायतों में 06 का निस्तारण किया गया तथा तहसील मुसाफिरखाना में 32 में 04 शिकायतों का निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यालय में प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक जन समस्याओं को सुने तथा उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी गौरीगंज दिग्विजय सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह, तहसीलदार गौरीगंज सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# जानवरों को पानी पिलाने गए बालक को खींच ले गया मगरमच्छ



**सोनभद्र।** जिले के घोरावल कोतवाली क्षेत्र के पेढ़ ग्राम पंचायत के नौगढ़वा बस्ती में शनिवार की सुबह भलुआ बंधी में मौजूद मगरमच्छ ने 12 वर्षीय किशोर को मुंह में जकड़ लिया, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसका बायां पैर और हाथ गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घोरावल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उसका इलाज चल रहा है। पैर में 12 से अधिक टांके लगाए गए हैं। पेढ़ ग्राम पंचायत निवासी रमेश (12) पुत्र अजीत शनिवार सुबह ग्राम पंचायत के ही नौगढ़वा बस्ती में भलुआ बंधी के पास मवेशी चरा रहा था। आसपास अन्य चरवाहे भी मवेशी चरा रहे थे। रमेश के कुछ मवेशी पानी पीने के लिए भलुआ बंधी में उतर गए। थोड़ी देर बाद रमेश मवेशियों को पानी में से बाहर निकालने के लिए बंधी में उतर गया। इसी दौरान पीछे से आए एक मगरमच्छ ने उसके बाएं पैर को बुरी तरह अपने मुंह जकड़ लिया और पानी में खींचने लगा। रमेश के चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के चरवाहे बंधी में उतरे और मगरमच्छ के चंगुल से उसे छुड़ाने लगे। करीब छह चरवाहों ने लाठी धंधे से पीट-पीटकर मगरमच्छ के चंगुल से बालक को मुक्त कराया। करीब 20 मिनट तक चरवाहे मगरमच्छ से जूझते रहे। घटना की जानकारी होने पर ग्राम प्रधान सुभाष सिंह पटेल मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से जख्मी रमेश को घोरावल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। उपचार कर रहे डॉक्टर देवेश पांडेय ने बताया की मगरमच्छ के हमले में बालक का बायां पैर और एक हाथ बुरी जख्मी हो गया है। उसे 12 से अधिक टांके लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि बालक को अस्पताल में भर्ती कर उपचार किया जा रहा है और उसकी हालत खतरे से बाहर है।

# डीएम के निर्देश पर 6 दिन बाद महिला के शव को कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया

⇨ पिता ने ससुराल वालों पर लगाया हत्या का आरोप

**अमेठी।** जनपद के अमेठी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत क्षेत्र के गाँव पूरे खगा पाठक में दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने शादी के कुछ दिन बाद ही विवाहिता पर गर्भवती होने का आरोप लगाकर गर्भपात की दवा खिला दी. गर्भपात की दवा खाने के बाद विवाहिता की हालत बिगड़ती गई और करीब एक महीने बाद विवाहिता ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

ससुरालियों ने मृतका के परिजनों की मौजूदगी में शव का अंतिम संस्कार कर दिया लेकिन अब पिता ने दहेज के लिये गलत दवा खिलाकर हत्या का आरोप लगाया है।मृतका के पिता ने पति, सास ससुर और ननद के खिलाफ डीएम और एसपी से शिकायत की है।पूरा मामला गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के खगा पाठक का पुरवा वार्ड नं 13 का है. जहाँ अमेठी कोतवाली क्षेत्र के दुर्गा पासी का पुरवा गांव के



रहने वाले अमर पाल सरोज ने अपनी बेटी अंजली की शादी इसी वर्ष 26 अप्रैल को खगा पाठक का पुरवा गांव के रहने वाले सूरज पुत्र राधेश्याम के साथ की थी परिजनों का आरोप है की शादी में अमरपाल ने सामर्थ्य के अनुसार सारा दान दहेज दिया लेकिन ससुराली और दहेज की मांग कर रहे थे अधिक दहेज न मिलने पर पति सूरज अंजली को मारता पीटता था शादी के एक महीने बाद ससुराल अंजली के पेट दर्द की जांच कराने नसीराबाद गए और वहां जांच कराने के बाद कहा कि तुम तीन माह की गर्भवती हो जिसके गर्भपात के लिए दवा खिला दिया। गर्भपात की दवा खाने के बाद अंजली की हालत बिगड़ने लगी । अंजली ने परिजनों को जानकारी दी जिसके बाद उसका भाई मौके पर पहुंचा और बहन को लेकर अस्पताल गया जहां पर डॉक्टर ने अल्ट्रासाउंड के बाद पथरी बताया आठ जून को अंजली की तबियत अचानक खराब हो गई जिसके बाद उसे संजय गांधी अस्पताल ले जाया गया जहाँ उसकी मौत हो गई।ससुरालियों ने परिजनों की मौजूदगी में अपने गांव में मृतका का अंतिम संस्कार कर दिया लेकिन अब पिता ने ससुरालियों पर दहेज के लिए गलत दवा खिलाकर हत्या का आरोप लगाया है मृतका के पिता अमर पाल सरोज ने डीएम एसपी को शिकायती पत्र देते हुए दहेज की मांग पूरी न होने पर बेटी की हत्या का आरोप पति सास ससुर और ननद पर लगाया।जिसके बाद डीएम के निर्देश पर गौरीगंज पुलिस और एसडीएम दिग्विजय सिंह की मौजूदगी में शव को कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। बताया जा रहा कि तीन डॉक्टर के पैनल से वीडियो कैमरे के निगरानी में शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा।गौरीगंज थानाध्यक्ष श्याम नारायण पांडेय ने इस बारे में बताया की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# अवैध खनन कर रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली को थाना मुंशीगंज पुलिस द्वारा किया गया सीज



**अमेठी।** जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को थाना मुंशीगंज पुलिस द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान तालाब से अवैध रूप से मिट्टी खनन कर ले जा रहे 01 ट्रैक्टर-ट्रॉली को सेमरा रोड से पकड़ा गया । पुलिस द्वारा ट्रैक्टर चालक से कागजात मांगने पर कोई भी कागजात/संबंधित प्रपत्र दिखा न सका । थाना मुंशीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही करते हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली को धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया।

## भीषण गर्मी को देखते हुए यूपी के स्कूलों की छुट्टियां बढ़ीं

**कानपुर देहात।** यूपी में भीषण गर्मी को देखते हुए परिषदीय स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां 24 जून तक के लिए बढ़ा दी गई हैं। वहीं बच्चों के लिए स्कूल 28 जून तक बंद रहेंगे। बता दें कि भीषण गर्मी को देखते हुए शिक्षक संगठनों ने गर्मी की छुट्टियां बढ़ाने की मांग की थी। इस संबंध में महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने जानकारी दी है12 साल बाद जून में पारा 45.2 डिग्री पहुंचा। अधिकतम तापमान सामान्य से सात डिग्री अधिक रहा। मौसम विभाग के मुताबिक भीषण गर्मी व लू से अभी तीन दिन राहत नहीं मिलने वाली है। इस दौरान बच्चे, गर्भवती व बुजुर्ग अपने घर से बेवजह बाहर न निकलें। जून में गर्मी का सितम हर दिन बढ़ता जा रहा है ।39 डिग्री तापमान से शुरू हुए जून की शुरुआत 13 जून तक 45 डिग्री के पार पहुंच चुका है। तल्ख धूप की चुभन सुबह 10 बजे से शुरू हो जाती है। दोपहर होते-होते लू और धूप का ऐसा प्रकोप हो जाता है कि सड़कों पर सन्नाटा पसर जाता है। घरों में पंखे व कूलर राहत नहीं दे पा रहे है ।आंचलिक मौसम केंद्र के मौसम विज्ञानी अतुल कुमार सिंह ने बताया कि 12 साल बाद जून में पारा 45 के पार पहुंचा है।

# तहसील दिवस 29 शिकायतों में चार का हुआ निस्तारण

⇨ मजदूर और किसान की नहीं सुनी जाती, दलालों का है बोलबाला

⇨ सुशील पासी अधिकारियों और बीजेपी सरकार पर लगाए आरोप



**महराजगंज, रायबरेली।** लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद प्रथम संपूर्ण समाधान दिवस तहसील दिवस का आयोजन किया गया तहसील दिवस काफी हंगामे और नारेबाजी के बीच संपन्न हुआ। कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील पासी किसी काम से तहसील दिवस पहुंचे थे वही अधिकारियों के जल्दी उठ जाने से सुशील पासी का पारा चढ़ गया और उन्होंने वही तहसील दिवस के सामने ही मोदी योगी सरकार पर जमकर आरोप लगाते हुए तहसील दिवस और थाना दिवस पर भी प्रश्न उठाए और कहा कि किसान मजदूर को न्याय नहीं मिलता जबकि दलालों के काम किए जाते हैं दलालों ने तहसील थानों को अपना अड्डा बना लिया है। उसके बाद सुशील पासी अपने समर्थकों के साथ बछरावां रोड से मोदी योगी मुर्दाबाद बीजेपी सरकार मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए आगे निकल गए ।संपूर्ण समाधान दिवस में कुल शिकायती पत्र 29 मौके पर आये राजस्व विभाग की 15 शिकायतें पुलिस विभाग की आठ विकास से संबंधित दो शिकायतें अन्य चार शिकायतें तहसील दिवस पर आई वहीं चार शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया और अन्य शिकायतों का जल्द से जल्द निस्तारण करने की बात कही गई संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी राजित राम गुप्ता द्वारा की गई ।वहीं इस मौके पर तहसीलदार ज्ञान प्रकाश सिंह खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह सीओ यादुवेंद्र पाल कोतवाल बालेंदु गौतम सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

**क्या था पूरा मामला** सुशील पासी किसी मामले की शिकायत करने के लिए तहसील दिवस में पहुंचे अधिकारियों द्वारा जल्दी उठ जाने के कारण सुशील पासी का पर चढ़ गया और उन्होंने अधिकारियों और बीजेपी सरकार पर जमकर आरोप लगाते हुए नारेबाजी की सुशील पासी का आरोप था की अधिकारी जल्दी उठ गए कि समाधान दिवस का समय 2 बजे तक है।

# गड्ढा मुक्त सड़कों का सरकार लाख दावा करे परन्तु जमीनी हकीकत कुछ और ही है

**रसूलाबाद, कानपुर देहात।** सरकार भले ही गड्ढा मुक्त सड़कों का दावा कर रही हो लेकिन रसूलाबाद क्षेत्र की जर्जर उखड़ी सड़कों पर चलने वाले ग्रामीण हिचकोले खा रहे हैं। सड़क टूटने के कारण रागीरों को आने जाने में सुविधा हो रही है लेकिन विभागीय अधिकारी उखड़ी सड़कों की मरम्मत करने के प्रति लापरवाही अपना रहे हैं इससे ग्रामीणों में व्यापक पैमाने पर आक्रोश पनप रहा है रसूलाबाद क्षेत्र के कई गांवों को जोड़ने वाला रामपुर से नारखुर्द संपर्क मार्ग गड्ढों में तब्दील हो चुका है सड़क पर गिट्टी बिखरी पड़ी है इससे इस सड़क पर चलने वाले राजगीर हिचकुले खा रहे हैं गड्ढा युक्त सड़क की मरम्मत समय पर न कराए जाने से राहगीरों में स्कूली बच्चे ज्यादा परेशान है इससे ग्रामीण अंचल के लोगों को तहसील य मुख्यालय पहुंचना भी मुश्किल हो रहा है कभी कभी तो मरीज को ले जाने के लिए मुसीबत खड़ी हो जाती है और तहसील रसूलाबाद सैकड़ो लोगों को आने जाने में खासी परेशानियां उठानी पड़ रही हैं लेकिन विभागीय अधिकारी जानकर भी अंजान बने हुए हैं इससे सालों से खराब पड़ी सड़क मरम्मत के नाम पर किसी जिम्मेदार अधिकारी ने गांव की तरफ मुड़कर भी नहीं देखा गांव के लोगों को आने-जाने में इतनी परेशानी होती है कि उन्हें पैदल चलना भी मुश्किल पड़ रहा है जबकि उखड़ी सड़क नरदाश्रम आश्रम, भारत सरकार पेट्रोलियम का ऑफिस भी बना है जिससे वहां आने जाने में बहुत दिक्कतें हो रही हैं कई बार शिकायत भी की गई लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई यह रसूलाबाद मार्ग रामपुर से नारखुर्द, नारखास, भावनपुर, मिंडाकुआं, कंचौसी स्टेशन, परजनी स्टेशन और कई राजमार्गों को जाकर जुड़ता है जिससे दर्जनों गांव में आने-जाने वालों की समस्या हो रही है अधिकारी सुनने को तैयार नहीं है जिससे आम जनमानस के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है।

# दबंग ने सार्वजनिक रास्ते पर किया अतिक्रमण

⇨ महिलाओं ने तहसील में प्रदर्शन कर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

⇨ रास्ता खुलवाने के लिए प्रशासन से किया मांग



**अमेठी।** जनपद के तहसील अमेठी अंतर्गत क्षेत्र के भीमी गांव में एक दबंग ने सार्वजनिक रास्ते पर घूर लगाकर बंद कर दिया।सार्वजनिक रास्ता बंद होने से आहत बड़ी संख्या में तहसील पहुँची महिलाओ ने प्रदर्शन करते हुए तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर रास्ते को खुलवाने की मांग की।महिलाओ का आरोप था कि रास्ता बंद होने से उन्हें आने जाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और एम्बुलेंस या फिर पुलिस की गाड़ी उनके घरों तक नही पहुँच सकती।

पूरा मामला अमेठी तहसील क्षेत्र के भीमी गांव का है जहाँ गांव के पूर्वी छोर पर 20 से 25 घर बने है और इन घरों तक जाने का सिर्फ एक ही रास्ता है।आरोप है कि गांव के ही रहने वाले एक दबंग शिव मोहन सिंह पुत्र गजराज सिंह सार्वजनिक रास्ते पर घूर लगाकर गोबर डाल देते है जिससे आवागमन बाधित हो रहा है। शनिवार को तहसील पहुँची दो दर्जन से अधिक महिलाओ ने एसडीएम आफ़िस के बाहर प्रदर्शन करते हुए सार्वजनिक रास्ते को खुलवाने की मांग की।महिलाओ ने मौके पर मौजूद नायाब तहसीलदार को ज्ञापन देते हुए कार्यवाही की मांग की जिसके बाद अधिकारी ने कार्यवाही का भरोसा दिया।महिलाओ के साथ आये युवक कहा कि गांव के एक व्यक्ति द्वारा जबरन घूर लगाकर सार्वजनिक रास्ते को बंद कर दिया गया है जिससे फोर व्हीलर अंदर नही जा सकती।हम लोग जब भी उनसे रास्ता खाली करने के लिए कहते है मारपीट पर आमादा हो जाते है।हम लोगों की मांग है कि रास्ते को खाली करवाया जाए जिससे कि हम लोग आसानी से आ जा सके।अधिकारी ने एक दो दिन में खाली करने मे आस्वासन दिया है अगर खाली नही होता तो हम लोग आगे भी जाएंगे क्योंकि सभी को दिक्कत हो रही है।

# सान्या मल्होत्रा

## बोलीं- घर का काम सिर्फ औरत के जिम्मे क्यों ? मर्द को भी बटाना चाहिए हाथ



आमिर खान की दंगल में काम कर चुकीं सान्य मल्होत्रा अपनी नई फिल्म कटहल को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं. इस फिल्म में उनके काम की खूब तारीफ हो रही है. अब सान्या मल्होत्रा ने ऐसा खुलासा किया है, जिसे जानकर आपके भी होश उड़ जाएंगे. उन्होंने बताया कि एक बार दिल्ली मेट्रो में कुछ लड़कों ने उनके साथ छेड़खानी की थी और गलत तरीके से उन्हें छुआ भी था.

सान्या मल्होत्रा ने सुनाई आपबीती

इंटरव्यू के दौरान सान्या मल्होत्रा ने बताया, मैं जब कॉलेज से निकलती थी, तो 7 से 8 बज जाते थे और कई बार हुआ है कि लोगों ने मुझे फॉलो किया है. एक बार कॉलेज से निकलने के बाद मैंने ग्रीन पार्क से मेट्रो ली. मैं मेट्रो में थी और चार-पांच लड़के थे. औरतों को पता चला जाता है कि अब कुछ तो सही नहीं होने वाला है. मैं चुपचाप थी, क्योंकि मैं अकेली थी. कोई साथ होता है, तो आपको हिम्मत मिलती है.

मुझे छेड़ा और गलत तरीके से छुआ

सान्या मल्होत्रा ने आगे कहा, इसके बाद उन्होंने मुझे छेड़ना शुरू कर दिया और फिर छूने लगे. मैं हेल्पलेस थी और मैंने सोचा कि अगर मैंने कुछ यादा बोला, तो कुछ भी हो सकता है इस सिचुएशन में. लोग कहते हैं कि तुमने सुन कैसे लिया? कुछ किया क्यों नहीं? लेकिन जब आप ऐसी स्थिति में होते हैं, तो आपके हाथ-पैर फूल जाते हैं. उस समय लगता है कि आप किसी तरह बच जाए बस.

मेट्रो में किसी ने मेरी मदद नहीं की

एक्ट्रेस ने आगे बताया, मेट्रो में किसी ने मेरी मदद नहीं की. हालांकि, मैं लड़ भी रही थी. मैं राजीव चौंक पर उतरी और फिर दौड़ना शुरू कर दिया और वे लड़के मुझे फॉलो करने लगे. वो लड़के 6.2 फीट के लंबे-चोड़े थे. भगवान का शुक्र है कि राजीव चौक पर बहुत भीड़ होती है और मैं बच गई.

सान्या मल्होत्रा का वर्क फ्रंट

वर्क फ्रंट की बात करें तो सान्या मल्होत्रा की फिल्म कटहल- ए जैकफ्रूट मिस्ट्री ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो गई है. इसमें एक्ट्रेस ने कॉप का रोल प्ले किया है. अब सान्या मल्होत्रा बहुत जल्द शाहरुख खान की फिल्म जवान में नजर आएंगी. हालांकि, मूवी में सान्य का कैसा रोल होगा इसका खुलासा नहीं हुआ है.

अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा ??के लिए , किसी भूमिका की तैयारी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा उसके चरित्र के बारे में विस्तृत नोट्स लिखना और उसकी पिछली कहानी की कल्पना करना है। हाल ही में रिलीज़ हुई नेटफ्लिक्स ओरिजिनल कथाल में इंस्पेक्टर महिमा बसोर की भूमिका निभाने से पहले, अभिनेत्री ने अपनी प्री-शूट रस्म में एक और अभ्यास जोड़ा। सह-लेखक और निर्देशक यशोवर्धन मिश्रा के साथ, उन्होंने ग्वालियर और आस-पास के गाँवों का दौरा किया जहाँ वे फिल्म की शूटिंग करने जा रहे थे।

इस यात्रा ने न केवल दिल्ली में पली-बढ़ी अभिनेत्री को भारत के ग्रामीण परिदृश्य से परिचित कराया, बल्कि इस बारे में उनकी धारणा भी बदली कि वह अपने किरदार को कैसे चित्रित करना चाहती हैं। मल्होत्रा ??कहते हैं, 卐शुरू में, मेरे दिमाग में एक पुलिस इंस्पेक्टर की भूमिका निभाने के लिए एक मर्दाना छवि थी। महिला पुलिसकर्मियों से मिलने के बाद, मुझे एहसास हुआ कि मेरा किरदार भी स्त्रैण हो सकता है। महिमा नाक की पिन, झुमके और यहां तक ??कि मेकअप भी पहनती हैं।卐 महिला पुलिसकर्मियों को गाली-गलौज करने वाली दबंग महिला के रूप में प्रचलित चित्रण के विपरीत, महिमा एक दयालु और सौम्य अधिकारी हैं जो ज़रूरत पड़ने पर अपना पक्ष रखती हैं।

यह साल सान्या मल्होत्रा के लिए बहुत खास रहा है। दंगल से अपने करियर की शुरुआत करने वाली अभिनेत्री ने 2023 में जहां एक तरफ शाहरुख खान के साथ फिल्म जवान में अपने काम से लोगों का दिल जीता, वहीं दूसरी तरफ वह हाल ही में रिलीज हुई फिल्म सैम बहादुर के लिए चर्चाओं में हैं। भारत के पहले फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ के जीवन की सची घटनाओं पर आधारित फिल्म सैम बहादुर में सान्या मल्होत्रा, विक्की कौशल की पत्नी की भूमिका निभा रही हैं। इस बीच अब सान्या मल्होत्रा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह उनके साथ हुई छेड़खानी की अप्रिय घटना के बारे में बताती नजर आ रही हैं।

सान्या मल्होत्रा इन दिनों अपनी हाल ही में रिलीज हुई फिल्म सैम बहादुर को समीक्षकों से मिली अछी प्रतिक्रिया का आनंद ले रही हैं। फिल्म में वह सैम मानेकशॉ का किरदार निभाने वाले विक्की कौशल की पत्नी सिलू की भूमिका निभाती नजर आ रही हैं। अभिनेत्री को उनकी इस भूमिका के लिए हर तरफ से प्यार और सराहना मिल रही है और इसके बाद अब अभिनेत्री का एक पुराना वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में सान्या उस समय को याद करती नजर आ रही हैं, जब उन्हें दिल्ली में परेशान किया गया था। क्लिप में उन्होंने खुलासा किया कि यह उनके कॉलेज के दिनों की बात है और उनके साथ यह घटना दिल्ली मेट्रो में हुआ था। मेट्रो में किसी ने उनकी मदद नहीं की थी।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की रहने वाली सान्या मल्होत्रा का एक वीडियो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस पुराने वायरल वीडियो में सान्या मल्होत्रा ने उस समय को याद किया था, जब कॉलेज के दिनों में उन्हें दिल्ली मेट्रो में परेशान किया गया था। एक इंटरव्यू के दौरान, अभिनेत्री ने उस घटना को याद किया और खुलासा किया कि कैसे मेट्रो में कोई उनकी मदद के लिए आगे तक नहीं आया था और उन्हें कैसा लगा था। सान्या बोलीं, एक समय ऐसा था जब मैंने ग्रीन पार्क स्टेशन से मेट्रो ली और मैं बिल्कुल अकेली थी। वहां चार-पांच लड़के थे और मुझे आभास हो गया था कि कुछ गलत होने वाला है।

अभिनेत्री ने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा कि वह मन ही मन ऐसा सोच रही थी कि, मैं इससे बच नहीं सकती, कुछ गलत जरूर होगा। फिर उन्होंने मुझे छेड़ना और छूना शुरू कर दिया। उसमें कितना भी गुस्सा कर लो ना तो भी..कुछ नहीं होता। मैं बहुत असहाय महसूस कर रही था।

हम कहते हैं, आपने यह सब क्यों सुना और प्रतिक्रिया क्यों नहीं दी या कुछ क्यों नहीं किया? जब सिचुएशन आती है ना तो हाथ पैर फूल जाते हैं आपको ऐसा लगता है कि यहां से बस सुरक्षित निकलना है। अभिनेत्री ने कहा कि उस समय वह केवल भागने और स्थिति से बचने के बारे में सोच पा रही थी।

सान्या ने बताया, फिर मैं राजीव चौक पर निकली और उन्होंने पीछा करना शुरू कर दिया। शुक्र है कि राजीव चौक मेट्रो स्टेशन पर भीड़ बहुत यादा थी और वे भटक गए। फिर मैंने अपने पापा को फोन किया और कहा कि वो मुझे लेने आ जाएं। उस वक्त मुझे असहाय महसूस हुआ, लेकिन मैं इससे शर्मिंदा नहीं हूं। यह मेरी गलती नहीं है। मुझे यह समझने में समय लगा कि मेट्रो लेना मेरी गलती नहीं थी। यह टैक्सी या ऑटो में भी हो सकता था। सान्या इस समय सैम बहादुर में नजर आ रही हैं। इसके साथ ही वह इससे पहले नेटफ्लिक्स ओरिजिनल कटहल में नजर आई थीं। इतना ही नहीं वह शाहरुख खान की जवान में भी अहम किरदार निभाती दिखी थीं।

## बेटी संग बॉन्ड पर दलजीत का रिएक्शन



लोकप्रिय टेलीविजन अभिनेत्री दलजीत कौर ने एनआरआई व्यवसायी निखिल पटेल से शादी कर ली है। दलजीत के अपने बेटे जेडन के साथ भारत लौटने के बाद दोनों के बीच तलाक की अफवाहों की वजह से यह खबर चर्चा में है। लोकप्रिय टेलीविजन अभिनेत्री

दलजीत कौर ने

एनआरआई व्यवसायी निखिल पटेल से शादी कर ली है। दलजीत के अपने बेटे जेडन के साथ भारत लौटने के बाद दोनों के बीच तलाक की अफवाहों की वजह से यह खबर चर्चा में है। दलजीत के अपने पति निखिल से अलग होने की खबर ने खूब सुर्खियां बटोरी हैं। केन्या जाने के लिए सोशल मीडिया पर कुछ लोग दलजीत कौर काफी यादा उन्हें ट्रोल भी कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा कि दलजीत आपको अपना आत्मसम्मान बरकरार रखना चाहिए। एक दूसरे यूजर ने लिखा कि निखिल ने आपको कितना गलत बोला, आप उसके पास कैसे वापस जा सकती हो। इस सब के बीच दलजीत कौर ने मंगलवार को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर केन्या से अपनी गर्ल स्क्वाड की एक तस्वीर शेयर की। दलजीत के पति निखिल जो केन्या में रहते हैं, ने दलजीत की सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर कानूनी कार्रवाई की धमकी दी है।

उन्होंने यह भी खुलासा किया कि उनकी टीम ने दलजीत से संपर्क किया था कि वह उनके घर से उनका सामान ले जाए, नहीं तो वह उसे दान में दे देंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वह उनकी सहमति के बिना उनके विवाह समारोह की तस्वीरें और वीडियो फुटेज शेयर करने के लिए उन पर कानूनी कार्रवाई करेंगे। दलजीत कौर केन्या लौटीं? मंगलवार को दलजीत ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक फोटो शेयर की जिसमें वह पीले रंग की ड्रेस में दिख रही थीं और अपने दोस्तों के साथ एक रेस्टोरेंट में मस्ती करती नजर आ रही थीं। उन्होंने पोस्ट को कैप्शन दिया, जब आप अपनी गर्ल स्क्वाड से मिलते हैं... दलजीत ने निखिल पर विवाहेतर संबंध रखने का आरोप लगाया और निखिल ने उन पर उत्पीड़न का आरोप लगाया। बता दें कि दलजीत की शादी पहले शालीन भनोट से हुई थी, लेकिन 2015 में शालीन भनोट पर घरेलू हिंसा का आरोप लगाने के बाद दोनों अलग हो गए। उनका एक बेटा है जिसका नाम जेडन है।

## फिल्ममेकर्स ने फरीदा जलाल को कभी नहीं दिया ये मौका



हाल ही में संजय लीला भंसाली की हीरामंडी में नज़र आईं दिग्गज अदाकारा फरीदा जलाल ने 1969 की फ़िल्म आराधना में दिवंगत दिग्गज बॉलीवुड स्टार राजेश खन्ना के साथ काम करने को याद किया। उन्होंने बताया कि खन्ना फ़िल्म के सेट पर 卐घमंडी卐 थे और उनके साथ रिहर्सल नहीं करते थे।

हाल ही में संजय लीला भंसाली की हीरामंडी में नज़र आईं दिग्गज अदाकारा फरीदा जलाल ने 1969 की फ़िल्म आराधना में दिवंगत दिग्गज बॉलीवुड स्टार राजेश खन्ना के साथ काम करने को याद किया। उन्होंने बताया कि खन्ना फ़िल्म के सेट पर 卐घमंडी卐 थे और उनके साथ रिहर्सल नहीं करते थे। उनकी सह-अभिनेत्री शर्मिला टैगोर उनके बचाव में आईं और शक्ति सामंत की फ़िल्म के सेट पर उनका समर्थन किया।

अपने करियर की शुरुआत में खन्ना के साथ काम करने के अपने अनुभव को याद करते हुए फरीदा जलाल ने बॉलीवुड बबल से कहा, 卐आराधना के बाद वे द राजेश खन्ना बन गए। लेकिन सेट पर वे पहले से ही काफी घमंडी थे। मैंने उन्हें उतना ध्यान नहीं दिया, इसलिए वे मुझसे नाराज़ हो गए। मैं अपनी ही दुनिया में थी। वे इससे थोड़े नाराज़ थे। खन्ना फरीदा जलाल से नाराज़ हो गए, लेकिन मुझें लगा कि वह 卐बहुत घमंडी और अहंकारी है।

फरीदा जलाल ने बताया, 卐जब मैं रिहर्सल के लिए कहती, तो वह कहते कितनी रिहर्सल? मैं नई थी। मुझे बहुत बुरा लगता था। मैंने यहां तक ??कहा, आप मुझसे इस तरह कैसे बात कर सकते हैं? मैं चाहूं तो 10 रिहर्सल मांग सकती हूं। हम वहां झगड़ पड़े और शर्मिला जी ने बीच-बचाव किया। मैं बहुत छोटी और भोली थी। उन्होंने मेरी रक्षा की, वह मेरे बचाव में बोलती थीं।卐

आराधना में राजेश खन्ना ने दोहरी भूमिका निभाई थी। यह फिल्म डायमंड जुबली हिट रही और फिल्म के बाद खन्ना की लोकप्रियता कई गुना बढ़ गई। हालांकि जलाल को लगता है कि फिल्म के बाद वह इतनी प्रसिद्धि और प्यार के हकदार थे, क्योंकि उन्होंने इसमें बहुत अछा काम किया था, लेकिन उन्हें यह भी 卐घृणा卐 हुई कि आराधना की रिलीज के बाद लड़कियां उन पर फिदा हो गईं।

फरीदा जलाल ने उस समय को याद किया जब वह आराधना की सफलता के बाद राजेश खन्ना के साथ अलग-अलग शहरों में घूमी थीं।

उन्होंने बताया, 卐मैं देखती थी कि लोग उनके लिए कैसे पागल हो जाते थे। लड़कियाँ उनके पैरों में गिरती थीं। वे उनसे अपने हाथ और चेहरे पर साइन करने के लिए कहती थीं। मुझे यह देखकर घिन आती थी। वह गर्व से मेरी तरफ देखते और कहते देखा? मुझे लगता कि मैंने उनके साथ काम किया है, लेकिन मुझे ऐसा नहीं लगता। उनके साथ क्या गलत है? मैंने इस तरह का स्टारडम कभी नहीं देखा। इस तरह का स्टारडम मैंने शाहरुख खान के साथ भी देखा है।卐

हालांकि, अभिनेता ने उल्लेख किया कि शाहरुख न केवल एक 卐सुपरस्टार卐 हैं, बल्कि एक 卐मानव रत्न卐 भी हैं। दोनों ने करण जौहर की कुछ कुछ होता है में साथ काम किया था।

राजेश खन्ना आज भी अपने स्टारडम के लिए जाने जाते हैं। उनकी फिल्मों से ज्यादा उनके फैंस के किस्से हैरान करते हैं। हालांकि, राजेश खन्ना के कई को-स्टार्स उन्हें घमंडी भी बता चुके हैं। वहीं, अब फरीदा जलाल ने भी राजेश खन्ना को लेकर कुछ ऐसा ही कहा है। अभिनेत्री ने ये भी बताया कि उनसे तवज्जो न मिलने पर राजेश खन्ना नाराज भी हो गए थे। हालांकि, अभिनेत्री ने ये भी कबूल किया कि उन्होंने कभी भी उनके जैसा स्टारडम नहीं देखा है! फरीदा जलाल ने फिल्म आराधना में राजेश खन्ना के साथ काम किया था। फिल्म में वो उनकी हीरोइन थीं। आराधना में शर्मिला टैगोर ने भी लीड रोल निभाया था।

फरीदा से चिढ़ गए थे राजेश खन्ना

फरीदा जलाल ने आराधना की शूटिंग दे दिनों को लेकर अपने हालिया इंटरव्यू में बात की। अभिनेत्री ने कहा कि %आराधना% की रिलीज के बाद ही वे %द राजेश खन्ना% बने थे, लेकिन फिल्म पर काम करने के दौरान वो सेट पर भी काफी घमंडी थे। बॉलीवुड बबल के साथ बातचीत में फरीदा जलाल ने कहा, 卐मैंने उन्हें ज्यादा तवज्जो नहीं दिया, इसलिए वे मुझसे नाराज हो गए थे। मैं अपनी ही दुनिया में रहती थी। वे इससे थोड़े उखड़ गए थे।卐

सेट पर हो गया था झगड़ा

फरीदा जलाल ने ये भी बताया कि राजेश खन्ना उनसे काफी रुखा बर्ताव करते थे। उन्होंने कहा, 卐मुझे लगता था कि ये आदमी बहुत घमंडी है, बहुत अहंकारी है। जब मैं रिहर्सल के लिए कहती, तो वो कहते %कितनी रिहर्सल करोगी?% मैं एक नई-नई थी। मुझे बहुत बुरा लगता था। मैंने यहां तक कहा %आप मुझसे इस तरह कैसे बात कर सकते हैं? मैं चाहूं तो 10 रिहर्सल की डिमांड कर सकती हूं%। हमारी वहां लड़ाई हो गई थी, शर्मिला जी ने हस्तक्षेप किया। उन्होंने मुझे बचाया, वो मेरे बचाव में बोलती थीं।卐

राजेश खन्ना के पैरों में गिर जाती थीं लड़कियां

फरीदा जलाल ने राजेश खन्ना के स्टारडम के बारे में भी बात की। अभिनेत्री ने कहा कि उन्होंने इस तरह का स्टारडम कभी नहीं देखा था और ये थोड़ा अजीब भी था। फरीदा जलाल ने कहा, 卐मैं देखती थी कि कैसे लोग उसके लिए पागल हो जाते थे। लड़कियां उनके पैरों में गिर जाती थीं। वे उनसे अपने हाथ, चेहरे पर साइन करने के लिए कहती थीं। मुझे ये देखकर घिन आती थी। वो (राजेश खन्ना) गर्व से मेरी तरफ देखते और कहते %देखा?% मैंने उनके साथ काम किया था, लेकिन मुझे कभी भी उन लड़कियों जैसा नहीं लगा। पता नहीं उनके फैंस के साथ क्या दिक्कत थी ? मैंने इस तरह का स्टारडम कभी नहीं देखा।卐

# टी20 विश्व कप में बारिश के कारण अब तक रद्द हो चुके हैं चार मैच, भारत–कनाडा मुकाबला भी नहीं हो सका




**फ्लोरिडा।** फ्लोरिडा में मैच से पहले काफी बारिश हुई थी जिस कारण मैदान गीला था। मैदानकर्मियों ने मैदान को सुखाने की काफी कोशिश की, लेकिन उनके प्रयास सफल नहीं हो सके। भारत और कनाडा के बीच फ्लोरिडा में होने वाला मुकाबला एक भी गेंद फेंके बिना रद्द घोषित कर दिया है। इस मुकाबले में टॉस भी नहीं हो सका और अंपायर ने दो बार मैदान का निरीक्षण करने के बाद मुकाबले को रद्द करने का फैसला किया। फ्लोरिडा में मैच से पहले काफी बारिश हुई थी जिस कारण मैदान गीला था। मैदानकर्मियों ने मैदान को सुखाने की काफी कोशिश की, लेकिन उनके प्रयास सफल नहीं हो सके। मौजूदा टी20 में यह चौथा मुकाबला जो बारिश की भेंट चढ़ा है। भारत पहले ही सुपर आठ में कर चुका है प्रवेश भारतीय टीम ग्रुप–ए से पहले ही सुपर आठ में प्रवेश कर चुकी है और इस मैच के रद्द होने से उस पर कोई फर्क नहीं पड़ा है। कनाडा के खिलाफ भारतीय टीम के पास सुपर आठ से पहले अपनी बेंच स्ट्रेंथ को परखने का अच्छा अवसर था। भारतीय टीम अब सुपर आठ में 20 जून को अफगानिस्तान का सामना करेगी। भारत ने ग्रुप चरण में अपने अभियान का समापन चार मैचों में तीन जीत के साथ सात अंक लेकर शीर्ष पर रहकर किया। भारत ने ग्रुप–ए में एक भी मैच नहीं गंवाया। दूसरी ओर, कनाडा की टीम चार मैचों में एक जीत, दो हार के साथ तीन अंक लेकर फिलहाल पाकिस्तान से आगे तीसरे स्थान पर है। पाकिस्तान और आयरलैंड के बीच रविवार को इसी स्टेडियम में मुकाबला खेला जाना है। फ्लोरिडा में तीन मुकाबले हुए रद्द मौजूदा टी20 विश्व कप में बारिश ने चार मुकाबलों में बाधा डाली। भारत और कनाडा मैच से पहले चार जून को वेस्टइंडीज के बारबाडोस में इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के बीच खेला गया मुकाबला भी बारिश की भेंट चढ़ गया था। इस मुकाबले में टॉस हुआ था और मैच को 10–10 ओवर का कराने का फैसला किया गया था। स्कॉटलैंड ने 10 ओवर में बिना किसी नुकसान के 90 रन बना लिए थे, लेकिन इंग्लैंड की पारी के दौरान बारिश आ गई और मुकाबला बेनतीजा रहा। वहीं, फ्लोरिडा में 11 जून को श्रीलंका और नेपाल के बीच खेला गया मुकाबला बिना एक भी गेंद फेंके रद्द हो गया था, जबकि 14 जून को अमेरिका और आयरलैंड के बीच ग्रुप–ए का मुकाबला भी रद्द करना पड़ा था और इसमें टॉस भी नहीं हो सका था। दिलचस्प बात यह है कि फ्लोरिडा को चार मैचों में मेजबानी करनी थी जिसमें से अब तक तीन मुकाबले बिना टॉस हुए रद्द करने पड़े हैं। अब पाकिस्तान और आयरलैंड के बीच रविवार को इसी मैदान पर मुकाबला होना है और इसमें भी बारिश की आशंका है। पाकिस्तान को बारिश के कारण हुआ था भारी नुकसान पाकिस्तान के लिए बारिश सबसे बड़ी विलेन बनी। दरअसल, पाकिस्तान की उम्मीदें अमेरिका और आयरलैंड के बीच मुकाबले पर टिकी थी। अगर आयरलैंड इस मैच में अमेरिका को हरा देता तो पाकिस्तान सुपर आठ की दौड़ में बना रहता, लेकिन दोनों टीमों के बीच मैच नहीं होने से अमेरिका और आयरलैंड को एक–एक अंक मिले और अमेरिका पांच अंक लेकर पाकिस्तान से आगे रहकर ग्रुप–ए से सुपर आठ में पहुंचने वाली दूसरी टीम बना। वहीं, 2009 की चौंपियन टीम का सफर ग्रुप चरण में ही थम गया। पाकिस्तान की टीम तीन मैचों में एक जीत और दो हार के साथ दो अंक लेकर चौथे स्थान पर है और अगर वह अपना अंतिम ग्रुप मैच जीत भी लेती है तो उसके चार अंक ही होंगे।

# 15 जून से यूरो कप का आगाज, यहां देखें पूरा शेड्यूल –समय और वेन्यू की पूरी जानकारी

**यूरो कप 2024 फुटबॉल टूर्नामेंट का 15 जून यानी शनिवार से आगाज होने जा रहा है। फुटबॉल के मिनी वर्ल्ड कप के नाम से मशहूर ये टूर्नामेंट पूरे एक महीने तक यानी 15 जुलाई तक चलेगा। ग्रुप स्टेज के मैच 26 जून तक खेले जाएंगे, वहीं नॉकआउट चरण 29 जून से शुरू होगा।**



फुटबॉल टूर्नामेंट का 15 जून यानी शनिवार से आगाज होने जा रहा है। फुटबॉल के मिनी वर्ल्ड कप के नाम से मशहूर ये टूर्नामेंट पूरे एक महीने तक यानी 15 जुलाई तक चलेगा। ग्रुप स्टेज के मैच 26 जून तक खेले जाएंगे, वहीं नॉकआउट चरण 29 जून से शुरू होगा। मेजबान देश के रूप में जर्मनी को ग्रुप ए में जगह दी गई है। मेजबानी जर्मनी 15 जून को म्यूनिख फुटबॉल एरिना में स्कॉटलैंड के खिलाफ उद्घाटन मैच खेलेगा। इस टूर्नामेंट में 24 टीमें हिस्सा ले रही हैं। जिन्हें चार-चार टीमों के 6 ग्रुपों में बांटा गया है। वहीं हर ग्रुप से टॉप दो टीमें राउंड ऑफ16 में पहुंचेंगी। इसके अलावा तीसरे स्थान पर रहने वाली चार सर्वश्रेष्ठ टीमें भी राउंड ऑफ16 के लिए क्वालीफाई करेंगी। कैसा होगा फॉर्मेट यूरो कप 2014 के पहले दौर में टीमें अपने ग्रुप में बाकी टीमों के साथ एक-एक मैच खेलेंगी। राउंड ऑफ 16 से नॉकआउट स्टेज की शुरुआत होगी। यानी हारने वाली टीम का सफर वहीं खत्म हो जाएगा। राउंड ऑफ16 यानी प्री-क्वार्टर फाइनल में जीतने वाली आठ टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी। क्वार्टर फाइनल की विजेता टीम सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेगी और सेमीफाइनल की विजेता टीम का मुकाबला 15 जुलाई को बर्लिन के ओलंपियास्टेडियन में होने वाले फाइनल में होगा। रोनाल्डो पर फैंस की नजरें जर्मनी 2006 फीफा वर्ल्ड कप के बाद पहली बार किसी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है। 2021 में पिछला यूरो कप खेला गया था। हालांकि, ये टूर्नामेंट 2020 में होना था, लेकिन कोरोना की वजह से इसे एक साल के लिए स्थगित किया गया था। 2021 में हुए यूरो कप को न्म्थ। यूरो कप 2020 के नाम से ही बुलाया गया था। पिछला यूरो कप का खिताब इटली ने जीता था। इटी को ग्रुप बीम में स्पेन और क्रोएशिया के साथ रखा गया है। इसे ग्रुप ऑफडेथ भी कहा जा रहा है। इटली को अपने अभियान की शुरुआत16 जून को अलबानिया के खिलाफकरना है। किलियन एम्बाप्पे की फ्रांस की टीम को पसंदीदा माना जा रहा है। फ्रांस की टीम 18 जून को ऑस्ट्रिया में अपने टूर्नामेंट की शुरुआत करेगी। वहीं, सभी फैंस की नजरें दुनिया के महान फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो पर होंगी। वह दूसरी बार यूरो कप जीतने उतरेंगे। वहीं पुर्तगाल की टीम 19 जून को चेक गणराज्य के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगी। यूरो कप 2024 की लाइव स्ट्रीमिंग से जुड़ी पूरी जानकारी यूरो कप 2024 कब शुरू होगा? यूरो कप 2024 भारतीय समयानुसार 15 जून 2024 को देर रात साढ़े 12 बजे से शुरू होगा। भारतीय समयानुसार यूरो कप 2024 के लिए मैच का समय क्या होगा? पहले दोर के लिए कुछ दिन दो मैच और कुछ दिन तीन मैच खेले जाएंगे। पहला मैच भारतीय समयानुसार शाम 6.30 बजे जबकि दूसरा मैच यूरो कप कहां खेला जाएगा? यूरो कप 2024 जर्मनी में खेला जाएगा। इसके लिए 9 मैदानों को चुना गया है, डॉर्टमंड, म्यूनिख, कोलोन, स्टटगार्ड, हैम्बर्ग, लीपजिग, फ्रैंकफर्ट, गेल्सेनकिर्चेन और डसेलडोर्फ हैं। यूरो कप 2024 का लाइव टेलीकास्ट कहां होगा? यूरो कप 2024 मैचों का आइव कवरेज सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क कर रहा है। टीवी पर इसी के चौनलों पर यूरो कप के मैचों का लाइव प्रसारण होगा। फैंस भारत में यूरो कप 2024 को ऑनलाइन कहां देख सकते हैं?

# मेजबान जर्मनी ने स्कॉटलैंड को 5–1 से हराकर शानदार शुरुआत की




**फ्लोरियन विट्र्ज और जमाल मुसियाला के पहले हाफमें किए गए गोल की मदद से जीत का मंच तैयार करने वाले मेजबान जर्मनी ने 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे स्कॉटलैंड को 5–1 से करारी शिकस्त देकर यूरोपीय फुटबाल चौंपियनशिप (यूरो 2024) में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की**

म्यूनिख। फ्लोरियन विट्र्ज और जमाल मुसियाला के पहले हाफ में किए गए गोल की मदद से जीत का मंच तैयार करने वाले मेजबान जर्मनी ने 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे स्कॉटलैंड को 5–1 से करारी शिकस्त देकर यूरोपीय फुटबाल चौंपियनशिप (यूरो 2024) में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। विट्र्ज ने दसवें मिनट में जर्मनी के लिए पहला गोल किया जबकि मुसियाला ने 19वें मिनट में उसकी बढ़त दोगुनी कर दी। काई हैवर्ट ने पहले हाफ के इंजरी टाइम में पेनल्टी को गोल में बदलकर मध्यांतर तक जर्मनी को 3–0 से आगे कर दिया। जर्मनी को डिफेंडर रयान पोर्टियस की गलती के कारण यह पेनल्टी मिली थी, जिन्हें रेफरी ने लाल कार्ड दिखाकर बाहर कर दिया था। इस कारण स्कॉटलैंड को दूसरे हाफ में 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा था। मध्यांतर के बाद सब्सटीट्यूट निकोलस फुलक्रग ने 68वें मिनट और एमरे कैन ने इंजरी टाइम में गोल करके जर्मनी की बड़ी जीत सुनिश्चित की। स्कॉटलैंड एंटोनियो रोडिगर के 87वें मिनट में किए गए आत्मघाती गोल से खाता खोल पाया। जर्मनी के कप्तान इल्के गुंडोगन ने मैच के बाद कहा,''हम वास्तव में इसी तरह की शुरुआत चाहते थे। मैं मैच से पहले भी जीत के प्रति अश्वस्त था। हमें दर्शकों का भरपूर समर्थन मिल रहा था और हमने वैसा प्रदर्शन किया जैसा हम चाहते थे।

# श्रुति वोरा ने दर्ज की ऐतिहासिक जीत, 3–स्टार ग्रैंड प्रिक्स इवेंट जीतने वाली पहली भारतीय बनीं

श्रुति वोरा ने गुरुवार को इतिहास रचा। जब वह स्लोवेनिया के लिपिका में 67.761 अंकों के स्कोर के साथ जीत हासिल करके तीन–स्टार ग्रैंड प्रिक्स इवेंट जीतने वाली पहली भारतीय राइडर बनीं। उन्होंने मोल्दोवा की तातियाना एंटोनेंको (आचेन) और ऑस्ट्रिया की जूलियन जेरिच (क्वार्टर गर्ल) से आगे रहकर जीत हासिल की। घ्तातियाना ने इवेंट में 66.522 अंक हासिल किए, जबकि जूलियन ने 66.087 अंक हासिल किए। श्रुति ने अपनी ष्विशेष उपलब्धिष् को बेहद ष्संतोषजनकष् पाया और आने वाले दिनों में कड़ी मेहनत करने और देश के लिए और अधिक सम्मान लाने की कसम खाई। श्रुति के हवाले से कहा गया ष्मैं परिणाम से बेहद खुश हूं। मैंने कड़ी मेहनत की है और जीत वाकई संतोषजनक है। यह जीत ओलंपिक वर्ष में मिली है और यही इसे महत्वपूर्ण बनाता है। ईएफआई की एक विज्ञप्ति में श्रुति के हवाले से कहा गया, ष्यह तथ्य कि मैं देश की पहली राइडर हूं जिसने तीन सितारा इवेंट जीता है, इसे एक विशेष उपलब्धि बनाता है। मैं अपने देश के लिए सम्मान लाने के लिए कड़ी मेहनत करती रहूंगी।ष् अनुभवी राइडर पहले ही ड्रेसेज वर्ल्ड चौंपियनशिप (2022) और एशियाई खेलों (2010, 2014) सहित कई वैश्विक आयोजनों में देश का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। भारतीय घुड़सवारी महासंघ के महासचिव कर्नल जयवीर सिंह ने श्रुति के प्रयासों की सराहना की और उल्लेख किया कि उनकी उपलब्धि से अधिक महिलाओं को पेशेवर रूप से इस खेल को अपनाने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि ष्यह भारतीय घुड़सवार बिरादरी के लिए बहुत अच्छी खबर है। श्रुति के इस प्रेरणादायक प्रदर्शन ने देश को गौरवान्वित किया है। कर्नल जयवीर सिंह ने भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, ष्कई महिलाएं इस खेल को अपना रही हैं और इस तरह की उपलब्धियां कई और घुड़सवारों को उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित करेंगी।

## SPORTS न्यूज़

### खेल मंत्री मांडविया ने आईओए अध्यक्ष उषा से मुलाकात की, ओलंपिक की तैयारियों का जायजा लिया

खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने पदभार संभालने के एक दिन बाद गुरुवार को यहां भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा के साथ बैठक करके इस साल होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए भारत की तैयारियों का जायजा लिया। अनुराग ठाकुर की जगह खेल मंत्री का पद संभालने वाले मांडविया ने ओलंपिक भवन में उषा सहित आईओए के शीर्ष पदाधिकारियों से मुलाकात की। एक घंटे से अधिक समय तक चली बैठक में खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे, खेल सचिव सुजाता चतुर्वेदी, भारतीय खेल प्राधिकरण के महानिदेशक संदीप प्रधान सहित अन्य अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान मांडविया को पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए भारत की तैयारियों के बारे में बताया गया। मांडविया ने बाद में पत्रकारों से कहा, ''आज मैंने पहली बार आईओए के अधिकारियों के साथ बैठक की जिसमें उन्होंने मुझे पेरिस ओलंपिक खेलों की तैयारी की जानकारी दी। सरकार हर संभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है।'' आईओए अध्यक्ष उषा इस बैठक से संतुष्ट दिखी और उन्होंने कहा कि मंत्री के साथ बातचीत पेरिस जाने वाले खिलाड़ियों के लिए अच्छा संकेत है। उन्होंने कहा,''खेल मंत्री ने आज खेल राज्य मंत्री के साथ ओलंपिक भवन का दौरा किया तथा मुझे बहुत खुशी हुई कि वे आईओए और पेरिस ओलंपिक खेलों की तैयारी के बारे में जानना चाहते थे। हमने इस बार सब कुछ अच्छा किया है और मैंने उन्हें सारी चीजों के बारे में बताया। हम हर सप्ताह संपर्क में रहेंगे और मुझे उम्मीद है कि ओलंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के लिए अच्छा होगा।'' उषा ने कहा, ''हमने इस बार खिलाड़ियों के लिए सब कुछ किया है। हमारी पहली प्राथमिकता खिलाड़ी हैं और इस बार खिलाड़ियों ने जो कुछ भी चाहा हमने उन्हें मुहैया कराया है। इसलिए उम्मीद है कि हम इस बार पिछले ओलंपिक की तुलना में अधिक पदक जीतेंगे। मैं कोई संख्या तय करके खिलाड़ियों पर दबाव नहीं बनाना चाहती हूं।'' उन्होंने कहा, ''हमारे 97 खिलाड़ी पहले ही ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं। हमें उम्मीद है कि पेरिस ओलंपिक में भारत के 115 से 120 खिलाड़ी भाग लेंगे।'' पेरिस ओलंपिक खेल इस साल 26 जुलाई से 11 अगस्त तक आयोजित किए जाएंगे।

### पाकिस्तान को बड़ा झटका, फ्लोरिडा से टी20 वर्ल्ड कप मैच नहीं होंगे शिफ्ट

न्यूयॉर्क के बाद अब टी20 वर्ल्ड प 2024 के ग्रुप स्टेज के शेष मैच फ्लोरिडा के सेंट्रेल ब्रोवार्ड रीजनल पार्क स्टेडियम में खेले जाएंगे। लेकिन यहां का मौसम हर किसी के लिए मुसीबत बना हुआ है। पिछले कुछ दिनों से लगातार तूफान और बारिश के चलते मैचों की भी संदेह की नजर से देखा जा रहा है। वहीं, भारतीय टीम भी कनाडा के साथ होने वाले आगामी मैच के लिए लॉडरहिल पहुंच चुकी है। वहीं मौसम की संभावनाओं के बीच टी20 वर्ल्ड कप के मैचौं को फ्लोरिडा से शिफ्ट किए जानें की बिल्कुल संभावनाएं नहीं हैं। इनसाइडस्पोट्र्‌की रिपोर्ट के मुताबिक, आईसीसी मुकाबलों को फिलहाल शिफ्ट करने के मूड में नहीं है। मौसम संबंधी समस्याओं से निपटने के लिए आयोजक काम में जुटे हैं। ग्राउंड के पास इसके लिए योग्य कर्मचारी और संसाधन भी मौजूद हैं। इनसाइडस्पोर्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, लॉजिस्टिक्स कारणों के चलते मैचों को शिफ्ट कनरे की संभावनाएं ना के बराबर ही हैं। मुकाबले शिफ्ट करने के लिए क्रू मूवमेंट, ब्रॉडकास्टिंग उपकरण, मीडिया पर्सनल, खिलाड़ियों के शेड्यूल से लेकर होटल की व्यवस्थान भी दोबारा करनी होगी। साथ ही वैकल्पिक जगहों पर पिच व्यवस्थित करना भी मुश्किल है। मौसम के कारण मुकाबलों पर बारिश पानी फेर देती है तो पाकिस्तान के लिए मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। बाबर आजम की कप्तानी वाली टीम अपने 3 ग्रुप स्टेज के मैचों में से 2 गंवा चुकी है ।से में आज होने वाले यूएसए बनाम आयरलैंड मैच में अगर यूएसए हारती है तब ही उन्हें राहत मिल सकती है। लेकिन अगर किसी भी मैच में बाधा बनती है तो पाकिस्तान की नैया भगवान भरोसे ही पार लग सकती है।

### न्यूजीलैंड टी20 वर्ल्ड कप के ग्रुप स्टेज से हुई बाहर, 1987 के बाद पहली बार शर्मनाक स्थिति में कीवी टीम

टी20 वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड टीम ग्रुप स्टेज से बाहर हो गई है। लंबे अरसे बाद कीवी टीम का ये हाल हुआ है। इससे पहले साल 1987 में न्यूजीलैंड की टीम को जल्दी बाहर होना पड़ा था। तब से अब तक ये पहली बार हुआ है जब न्यूजीलैंड की टीम किसी वर्ल्ड कप में ग्रुप स्टेज से ही टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी है। न्यूजीलैंड की टीम ग्रुप सी में और पांच टीमों में सबसे फिसड्डी साबित हुई है। कीवी टीम ने अपने शुरुआती दो मुकाबले गंवा दिए। वर्ल्ड कप में बेहतरीन प्रदर्शन वहीं पिछले साल वनडे वर्ल्ड कप की बात करें तो, न्यूजीलैंड की टीम का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा था। वर्ल्डकप में टीम का प्रदर्शन में निरंतरता रही थी। वह पिछले तीन वनडे वर्ल्ड कप और तीन टी20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पहुंचा था। लेकिन इस साल न्यूजीलैंड की किस्मत पहले ही मैच से खराब रही। अफगानिस्तान के खिलाफपहले मैच में न्यूजीलैंड के बल्लेबाज नहीं चल पाए। उसकी पूरी टीम 15.2 ओवर में 75 रन पर आउट हो गई जिससे उसे 84 रन से हार का सामना करना पड़ा। इससे उसका नेट रन रेट भी गड़बड़ा गया। एक से बढ़कर एक शानदार फील्डर्स से भरी न्यूजीलैंड की टीम ने इस मैच में कैचेज भी खूब टपकाए। पहले मैच में हार के बाद न्यूजीलैंड का अगला मुकाबला मेजबान वेस्टइंडीज से था। टूर्नामेंट में बने रहने के लिए कीवी टीम को ये मैच जीतना जरूरी था। लेकिन वेस्टइंडीज के खिलाफ तेज गेंदबाजों का जल्दी इस्तेमाल करने का केन विलियमसन का दांव उनकी टीम के लिए उलटा पड़ गया। मैच के 18 वें ओवर तक ट्रेंट बोल्ट (चार ओवर में 16 रन पर तीन विकेट) और लॉकी फर्ग्यूसन (चार ओवर में 27 रन पर दो विकेट) के ओवर खत्म कर दिए और विलियमसन को आखिरी दो ओवरों के लिए मध्यम तेज गेंदबाज डेरिल मिचेल और बाएं हाथ के स्पिनर मिचेल सैंटनर पर निर्भर रहना पड़ा। वेस्टइंडीड के बल्लेबाज शेरफेन रदरफोर्ड ने इसका फायदा उठाते हुए 39 गेंदों में 68 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने आखिरी दो ओवर में चार छक्कों सहति 37 रन बनाए।

### वेस्टइंडीज ने न्यूजीलैंड को हरा कर सुपर 8 में बनाई जगह

**टरूबा (त्रिनिदाद)।** शेरफेन रदरफोर्ड की नाबाद 68 रन की पारी और अल्जारी जोसेफ के चार विकेट की मदद से वेस्टइंडीज ने गुरुवार को न्यूजीलैंड को 13 रन से हराकर टी20 विश्व कप के सुपर आठ में जगह बना ली है। धाकड़ ऑलराउंडर से सजी वेस्टइंडीज की टीम ने ग्रुप–सी में तीनों मैच जीते हैं और अब उसका सामना ग्रुप स्टेज के आखिरी मुकाबले में अफगानिस्तान से होगा। दूसरी ओर, न्यूजीलैंड लगातार दो हार के बाद टूर्नामेंट से बाहर होने की कगार पर है। न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 149 रन बनाए। जवाब में न्यूजीलैंड 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 136 रन ही बना सकी। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज की शुरुआत बेहद खराब रही। महज 30 रन के अंदर टीम ने अपने 5 विकेट खो दिए, लेकिन छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए शेरफेन रदरफोर्ड ने पारी को संभाला और स्कोर 149 तक पहुंचाया। रदरफोर्ड ने नाबाद 68 रन बनाए। उनके अलावा निकोलस पूरन ने 17, अकील होसैन ने 15, आंद्रे रसेल ने 14 और रोमारियो शेफर्ड ने 13 रन का योगदान दिया। न्यूजीलैंड के लिए ट्रेंट बोल्ट ने 3 विकेट झटके। टिम साउथी और लॉकी फर्ग्यूसन ने 2–2 विकेट लिए। जेम्स नीशम और मिचेल सेंटनर को 1–1 विकेट मिला। 150 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत भी खराब रही। हालांकि, फिन एलन ने एक छोड़ संभाले रखा लेकिन वो भी 26 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। नंबर–6 पर बल्लेबाजी करने आए ग्लेन फिलिप्स ने न्यूजीलैंड के लिए सबसे ज्यादा 40 रन बनाए। वेस्टइंडीज की ओर से अल्जारी जोसेफने 4 विकेट झटके। वहीं मोती ने 3 विकेट लिए। आंद्रे रसेल और अकील होसेन को 1–1 विकेट मिला।

### अर्शदीप ने बुमराह को दिया यूएसए के खिलाफशानदार प्रदर्शन का श्रेय

**न्यूयॉर्क।** टी20 विश्व कप के ग्रुप ए मैच में यूएसए पर भारत की जीत में टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ आंकड़े हासिल करने वाले तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने इस दमदार प्रदर्शन का श्रेय अपने सीनियर जसप्रीत बुमराह की सलाह को दिया।




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, श्रीमती विजय लक्ष्मी शर्मा द्वारा त्रिपाठी प्रिंटिंग प्रेस 12/29, पुराना किला, कैण्ट रोड, लखनऊ 226001 (उ.प्र.) से मुद्रित कराकर 1372/12 न्यू गुडौरा बेहसा शहीदपथ लखनऊ 226008 (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक–अनूप सिंह
आरएनआई न० UPHIN/2023/87118 मोबाइल नं. 7905289865,9839177720 Email- tvnews1979@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ ही मान्य होगा।